झारखण्ड देखो

# Jharkhand Dekho

खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ



Digital Edition

www.jharkhanddekho.com • वर्ष 01 • अंक 324 • पृष्ठ 6 • शनिवार 04 दिसंबर 2021 Email - Jharkhanddekho@gmail.com | epaper - Jharkhanddekho.com







## संक्षिप्त समाचार

### इमरान खान ने 3 साल में पाकिस्तान को कर्ज में डुबा दिया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपने कार्यकाल के दौरान देश को कर्ज में डुबा दिया है। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि पाकिस्तान के पास चीन के कर्ज को चुकाने के लिए भी पैसे नहीं हैं। पाकिस्तान ने चीन के अलावा, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब, विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (क्टऋ) से भी भारी मात्रा में कर्ज लिया हुआ है। पाकिस्तान पर घरेलू और विदेशी कर्ज 50 हजार अरब रुपये से भी ज्यादा हो चुका है। एक साल पहले हर एक पाकिस्तानी के ऊपर लगभग 75 हजार रुपये का कर्ज था। चीन का कर्ज पहले से ही गर्त में डूबी पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति को और दबा रहा है। इस वित्तीय वर्ष के आखिरी में पाकिस्तान के ऊपर कुल विदेशी कर्ज 14 अरब अमेरिकी डॉलर को पार कर जाएगा। इसमें लगभग आधा कर्ज चीन के वाणिज्यिक बैंकों का है। पाकिस्तान ने इन बैंकों से मुख्य रूप से बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआर–आई) से संबंधित परियोजनाओं के लिए कर्ज लिया हुआ है।

## सुविचार

मैं अपने भक्तों को नुकसान पहुंचाने की अनुमति नहीं दूंगा।

● **साईं बाबा**

## बिजनेस

**बीएसई सेंसेक्स**

57,696.46–764.83 (1.31%)

**निफ्टी 50**

17,196.70–204.95 (1.18%)

## दैनिक पंचांग

| | | |
|---|---|---|
| वार | शनिवार | |
| तिथि | अमावस्या | 13:12 तक |
| नक्षत्र | अनुराधा | 10:47 तक |
| पक्ष | कृष्ण | |
| योग | धृति | 28:21 तक |
| सूर्योदय | 06:59 | |
| सूर्यास्त | 17:23 | |
| चंद्रमा | वृश्चिक राशि में | |
| राहुकाल | 09:35-10:53 | |
| मास | मार्गशीर्ष | |
| शुभ मुहूर्त | अभिजीत | 11:49 - 12:30 |

टॉप वैज्ञानिकों ने की सिफारिश, ओमिक्रॉन के लिए बूस्टर:भारतीय वैज्ञानिक बोले

# 40 साल से ऊपर वालों को लगे बूस्टर डोज

**नयी दिल्ली/एजेंसी।**

कोरोना वायरस के नए वेरिएंट ऑमिक्रोन के खतरे के बीच भारत के टॉप वैज्ञानिकों ने सिफारिश की है कि देश में 40 साल से अधिक उम्र के लोगों को बूस्टर डोज दी जानी चाहिए। टॉप भारतीय जीनोम वैज्ञानिकों ने 40 साल से अधिक उम्र के लोगों के लिए प्राथमिकता के साथ कोरोना वैक्सीन की बूस्टर खुराक की सिफारिश की है। भारतीय सार्स-कोव-2 जीनोमिक्स सीक्वेंसिंग कंसोर्टियम के साप्ताहिक बुलेटिन में यह सिफारिश की गई है। दरअसल, आईएनएसएसीओजी कोरोना के जीनोम वेरिएशंस की निगरानी के लिए सरकार द्वारा स्थापित राष्ट्रीय परीक्षण प्रयोगशालाओं का एक नेटवर्क है।

टॉप वैज्ञानिकों वाली संस्था आईएनएसएसीओजी की बुलेटिन आईएनएसएसीओजी में कहा गया है कि जिन लोगों को वैक्सीन नहीं लगी है, उनको खतरा ज्यादा है और पहले उनका टीकाकरण किया जाए और 40 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों के लिए बूस्टर खुराक देने पर विचार किया जाए। इनमें हाई रिस्क और ज्यादा खतरे में रह रहे लोगों को प्राथमिकता दी जा सकती है। बता दें कि देश में महामारी की स्थिति पर लोकसभा में चर्चा के दौरान सांसदों द्वारा कोविड टीकों की बूस्टर खुराक की मांग के बीच यह सिफारिश आई है।

आईएनएसएसीओजी ने कहा कि आवश्यक सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों को सक्षम करने के लिए इस प्रकार की उपस्थिति का शीघ्र पता लगाने के लिए जीनोमिक निगरानी महत्वपूर्ण होगी। वैज्ञानिकों की इस संस्था ने यात्राओं पर निगरानी की सलाह देते हुए कहा है कि ओमिक्रॉन से प्रभावित इलाकों (अफ्रीकी देशों) पर नजर रखी जानी चाहिए और कोरोना वायरस के मामलों की कॉन्ट्रैक्ट ट्रेसिंग भी होनी चाहिए ताकि प्रभावित इलाकों में इसके संक्रमण का पता लगाया जा सके और टेस्टिंग की संख्या बढ़ाकर बचाव के उपायों को लागू किया जा सके।

इस बीच पश्चिमी प्रशांत में विश्व स्वास्थ्य संगठन के अधिकारियों ने कहा है कि कुछ देशों द्वारा सीमा बंद करने के उपाय को अपनाया जाना कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप से निपटने के लिए समय दे सकता है, लेकिन वैश्विक महामारी से लड़ने की नींव डेल्टा स्वरूप से निपटने के लिए किए गए उपाय और उससे प्राप्त अनुभवों द्वारा रखी जानी चाहिए। शुक्रवार को फिलीपीन के मनीला से प्रसारित ऑनलाइन समाचार सम्मेलन में संवाददाताओं से उन्होंने कहा कि पश्चिमी प्रशांत के लिए डब्ल्यूएचओ के क्षेत्रीय निदेशक डॉ ताकेशी कसई ने कहा कि जहां कुछ देशों में कोविड-19 के मामले बढ़ रहे हैं, और कई अन्य देशों में मामले कम आए हैं और मौत में कमी आई है।

उन्होंने कहा, ''इन सबमें अच्छी खबर यह है कि ओमीक्रोन के बारे में हमारे पास कोई भी ऐसी सूचना नहीं है जो बताते हैं कि हमारी प्रतिक्रिया की दिशा बदलने की जरूरत है।'' नए स्वरूप के बारे में बहुत कुछ अज्ञात है, जिसमें इसके अधिक संक्रामक होने, लोगों को अधिक गंभीर रूप से बीमार बनाने, और टीकों का इसपर असर नहीं होने जैसी आशंकाएं भी शामिल हैं।



**● देश में बूस्टर डोज पर पॉलिसी कब तक?**

» देश की कोविड टास्क फोर्स के चेयरमैन डॉ. एनके अरोड़ा ने कहा है कि सरकार गंभीर रोगियों और कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों के लिए वैक्सीन की एडिशनल डोज (बूस्टर डोज) पर नई पॉलिसी लाने जा रही है। नेशनल टेक्निकल एडवाइजरी ग्रुप इस पॉलिसी को 2 हफ्ते में तैयार करेगा। एनटीएजी देश के 44 करोड़ बच्चों के वैक्सीनेशन के लिए भी नई पॉलिसी लाने जा रहा है।

### भारत का पहला ओमिक्रॉन मरीज भाग गया देश से बाहर!

**बेंगलुरु/एजेंसी।** कर्नाटक के बेंगलुरु में कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन से संक्रमित दो केस पाए गए हैं, लेकिन इस बीच एक ऐसी खबर सामने आई है जिसने सभी को हैरान कर दिया है। दरअसल साउथ अफ्रीका का एक नागरिक जो भारत आकर दुबई लौट गया, वो भी ओमिक्रॉन से संक्रमित था। जब वो दुबई लौट गया, उसके बाद जीनोम सीक्वेंसिंग की रिपोर्ट आई। माना जा रहा है कि ये भारत में ओमिक्रॉन का पहला केस था। एक रिपोर्ट के अनुसार, ओमिक्रॉन से संक्रमित साउथ अफ्रीका के नागरिक की उम्र 66 साल है। वो एक फार्मास्युटिकल कंपनी का रिप्रेजेंटेटिव है। ओमिक्रॉन संक्रमित 27 नवंबर को भारत के बेंगलुरु से वापस दुबई चला गया। ये शख्स 20 नवंबर को साउथ अफ्रीका से भारत आया था। जब वो बेंगलुरु पहुंचा था तब जांच में उसकी रिपोर्ट निगेटिव आई थी। बता दें कि 20 नवंबर को साउथ अफ्रीका का ये नागरिक बेंगलुरु के वसंतनगर में स्टार होटल में रुका था।

दिल्ली में वायु प्रदूषणः

### पाकिस्तान से आ रही हवाओं से फैला प्रदूषणः यूपी सरकार

**● तो क्या वहां के उद्योगों को बंद कर दें: सीजेआई**

**नयी दिल्ली/एजेंसी।** दिल्ली- एनसीआर में खतरनाक वायु प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद केंद्र सरकार ने टास्क फोर्स का गठन कर दिया है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने शीर्ष कोर्ट में हलफनामा दायर कर कहा है कि उन्होंने वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के अपने निर्देशों के अनुपालन की निगरानी के लिए एक इंफोर्समेंट टास्क फोर्स का गठन किया है। 17 सदस्यीय फ्लाइंग टास्क फोर्स बनाई गई हैं। यह टास्क फोर्स हर शाम 6 बजे रिपोर्ट लेगी। केंद्र सरकार की इस पहल पर सुप्रीम कोर्ट ने संतोष जताया है। बता दें कि गुरुवार को वायु प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और दिल्ली सरकार के खिलाफ नाराजगी जताते हुए 24 घंटे के भीतर योजना बताने को कहा था। वहीं, कोरोना की तीसरी लहर की आशंका को लेकर दिल्ली सरकार द्वारा दायर हलफनामा को सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को अस्पतालों में निर्माण कार्य करने की अनुमति दे दी है।









लोकसभा शीतकालीन सत्र, आज चौथे दिन भी विपक्ष का हंगामा जारी

# लोकसभा में पेश हुए दो विधेयक हंगामे के बीच

**नयी दिल्ली/एजेंसी।**



विपक्षी पार्टियों के 12 सांसदों के निलंबन पर विपक्ष और सत्तापक्ष का प्रदर्शन गांधी प्रतिमा पर चल रहा है। एक तरफ विपक्ष के सांसद निलंबन वापस लेने की मांग कर रहे हैं, तो भाजपा के राज्यसभा सांसदों ने विपक्ष के सांसदों पर सदन की कार्रवाई में व्यवधान उत्पन्न करने का आरोप लगाया है।

कांग्रेस नेता शशि थरूर ने भाजपा सांसदों की ओर से किए जा रहे प्रदर्शन पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा सांसदों का यहां आना और हमारे जख्मों पर नमक मलना बेवजह उकसाने का काम है। इस मसले पर उन्हें एकजुटता दिखाई चाहिए थी। हमारे सहयोगी साथियों को गलत तरह से संसद से निष्काषित कर दिया गया है, वह भी उस पार्टी के द्वारा जिसने संस्थागत व्यवधान उत्पन्न किए हैं।

शीतकालीन सत्र में पक्ष और विपक्ष के बीच चल रहे हंमागे के बीच दो विधेयक शुक्रवार को पेश किए गए। सरकार की ओर से केंद्रीय सतर्कता आयोग (संशोधन) विधेयक, 2021 और दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना (संशोधन) विधेयक, 2021 को लोकसभा में पेश किया गया।

12 सांसदों के निलंबर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे विपक्ष पर भाजपा सांसदों ने निशाना साधा है। शुक्रवार को राज्यसभा के सांसदों ने गांधी प्रतिमा के पास विपक्ष के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा सांसद मानसून सत्र में संसद में हुए हंगामे से संबंधित तख्तियां लेते हुए विरोध करते दिखाई दिए।

संसद शीतकालीन सत्र के चौथे दिन भी विपक्ष का हंगामा जारी है। संसद के दोनों सदनों लोकसभा व राज्यसभा में विपक्ष 12 सांसदों का निलंबन वापस लेने की मांग कर रहा है। हालांकि, सभापति का मानना है माफी मांगने पर ही निलंबन रद्द करने के बारे में विचार किया जा सकता है। हंगामें के बीच सदन की कार्रवाई बार-बार बाधित हो रही है।

कांग्रेस सासंद मणिकम टैगोर ने शुक्रवार को संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा में चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव पेश किया है। उन्होंने लखीमपुर में बेरहमी से की गई किसानों की हत्या पर चर्चा की मांग की है, जिससे सरकार को दोषियों पर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया जा सके और गृह राज्यमंत्री से इस्तीफा मांगा जाए।







## संक्षिप्त समाचार

### महिला ने परिवार लाभ देने की लगाई गुहार



**दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** समाहरणालय में जिला आपूर्ति पदाधिकारी संजय कुमार दास ने सप्ताहिक जनता दरबार में लोगों की समस्या सुनी। जामा प्रखंड से आई मंजू देवी, पति स्व.मनोज कापरी ने परिवार लाभ देने की गुहार लगाई।
मंजू देवी ने कहा कि मेरे पति काम करने के लिए मिजोरम गए थे। काम करने के दौरान वहां उनकी मृत्यु हो गई थी। मेरा परिवार उन्हीं पर आश्रित था। मुझे प्रवासी श्रमिक दुर्घटना लाभ लेने हेतु आवेदन दिया। डीएसओ द्वारा त्वरित कार्रवाई कर संबंधित पदाधिकारी को कार्रवाई करने का निदेश दिया।
इसके अतिरिक्त अवैध निर्माण, खेती हेतु कुआ का लाभ, मानदेय भुगतान आदि संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। प्राप्त सभी शिकायतों के निष्पादन हेतु उन्होंने संबंधित अधिकारी को निदेश दिया है।

### विश्व दिव्यांगता दिवस पर महाविद्यालय में कार्यक्रम



**दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** विश्व दिव्यांगता दिवस को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई - 12 बी.एड. संकाय संताल परगना महाविद्यालय, दुमका द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर बी.एड. संकाय से एक रैली निकाली गई। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ के. पी. यादव ने छात्र- छात्राओं को दिव्यांगों की देखरेख एवं विशेष ध्यान देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि दिव्यांग भी हमारे देश के नागरिक हैं। वे भी हमारे परिवार के सदस्य हैं और इस परिवार की उन्नति तथा प्रगति में उनकी बराबर की हिस्सेदारी हैं। आज दिव्यांग प्रत्येक क्षेत्र में सामान्य व्यक्ति से कम नही है, खेल तथा शिक्षा में दिव्यांगों ने देश का नाम रौशन किया है। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रंजीत कुमार दुबे ने कहा कि दिव्यांगता अभिशाप नहीं है, बल्कि भगवान ने उन्हें स्पेशल बनाकर दिव्य शक्ति दी है। दिव्यांग बच्चों की माताओं को भी उनका विशेष ध्यान रखना चाहिए, हमेशा उन्हें अपने साथ रखकर माताओं को दिव्यांग बच्चों के हौंसला को बढ़ावा देना चाहिए, जिससे वे शारिरिक रूप से दिव्यांग होने के साथ-साथ मानसिक रूप से बीमार ना हों। इस अवसर पर प्रो योगेंद्र मुर्मू , प्रो अनिल कुमार सिंह एवं महाविद्यालय के अनेकों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### एमजी कॉलेज में हुई स्पोर्ट्स कमिटी की बैठक



**दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** मयूराक्षी ग्रामीण महाविद्यालय रानीश्वर में स्पोर्ट्स कमिटी की बैठक प्राचार्य डॉ अब्दुल रईस खान की अध्यक्षता में हुई .जिसमें सर्वसमत्ति से इस वर्ष के वार्षिक खेल का आयोजन 17, 18 एवं 19 जनवरी 2022 को करने का निर्णय लिया गया.बॉयज के लिए 9 इवेंट्स तथा गर्ल्स के लिए 6 इवेंट्स कराने का निर्णय लिया गया. स्पोर्ट्स की तैयारी पीटीआई चन्दन घोष को निर्देशित किया गया. उक्त बैठक में खेल प्रभारी प्रो माजिद नदीम अहसन, प्रो काजल मंडल, प्रो बिभाष चंद्र झा, प्रो प्रशांत पातर उपस्थित थे .इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी डॉ रूपम कुमारी ने दी।

## यूनिवर्सल पेंशन योजना के तहत सभी को मिलेगा पेंशन

# आपके अधिकार-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में शिकारीपाड़ा प्रखंड पहुंचे उपायुक्त

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।



**दुमका।** जो व्यक्ति सरकारी नौकरी में है तथा जिसे सरकार द्वारा पेंशन मिल रहा है उन्हें छोड़कर सभी योग्य लाभुकों को यूनिवर्सल पेंशन योजना के तहत पेंशन का लाभ दिया जा सकेगा, उक्त बातें शिकारीपाड़ा प्रखंड के शिकारीपाड़ा पंचायत में आयोजित आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कही। उन्होंने कहा कि अब पेंशन हेतु विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य जैसी बातें नहीं रह गई है। वैसे सभी व्यक्ति जो 60 वर्ष के हो चुके हैं उन्हें पेंशन का लाभ अवश्य मिलेगा। साथ ही सभी विधवा तथा दिव्यांग को भी पेंशन का लाभ मिलेगा।इसके लिए बस उन्हें आवेदन के साथ जरूरी दस्तावेज जमा करने की जरूरत है।उन्होंने कहा कि आपके अधिकार-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में लगभग सभी विभागों के स्टॉल लगाए गए हैं।स्टॉल पर जाकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें तथा योजना का लाभ लेने हेतु आवेदन भी जमा करें। उन्होंने कहा कि परिवार के एक व्यक्ति को ग्रीन राशन कार्ड भी उपलब्ध कराया जा रहा है। ग्रीन राशन कार्ड के माध्यम से सोना सोबरन धोती साड़ी योजना का लाभ तथा आयुष्मान भारत का भी लाभ मिलेगा।उन्होंने कहा कि जागरूकता के अभाव में योजनाओं का लाभ लोग नहीं ले पा रहे हैं। जागरूक होकर योजना जानकारी प्राप्त करते हुए योजना का लाभ अवश्य लें।ई श्रम कार्ड जरूर बनवाएं ई श्रम कार्ड के माध्यम से घटना दुर्घटना की स्थिति में लाभ प्रदान किया जाता है।उपायुक्त ने कहा कि महिलाओं को सशक्त करने के लिए सरकार द्वारा कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। वैसी दीदी जो बेरोजगार हैं वह 10-15 महिलाओं का समूह बनाएं समूह को जेएसएलपीएस के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जाएगा ताकि वह बेहतर रोजगार कर आत्मनिर्भर बन सकें।उपायुक्त ने कहा कि कोविड-19 का संक्रमण अभी खत्म नहीं हुआ है कोविड-19 का नया रूप और भी घातक है वैसे सभी लोग जिन्होंने अभी तक कोविड-19 का टीका नहीं लिया है वे दोनों डोज़ अवश्य टीका लें। समाज के बाकी लोगों को सुरक्षित रखने के लिए टीका लेना आवश्यक है।इस दौरान उपायुक्त द्वारा विभिन्न विभागों के परिसंपत्तियों का वितरण लाभुकों के बीच किया गया साथ ही 18 सखी मंडल को 60 लाख रुपये का ऋण प्रदान किया गया।

## आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में माधाई उकिलको मिला बैशाखी


झारखंड देखो/प्रतिनिधि।



**दुमका।** रानेश्वर प्रखंड के पाटजोर पंचायत भवन परिसर में आयोजित आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वारर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू द्वारा बताए गया कि प्रखंड अन्तर्गत सभी विभागों द्वारा स्टॉल / काउन्टर लगाकर प्राप्त जनावेदनों को पंजीयन कराते हुए उसपर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई की गयी। इसी क्रम में दिव्यांग माधाई उकिल, ग्राम- पहाड़पुर प्रखंड रानीश्वर को बैशाखी प्रदान किया गया (01 जोड़ा)। सभी स्टॉलों से कुल 443 आवेदन पंजीकरण किया गया है, जिसमें से पीएमएवाईजी योजना अंतर्गत कुल 196, सामाजिक सुरक्षा एवं पेंशन में कुल 110, जॉब कार्ड में कुल 87, राशन कार्ड, आधार निबंधन इत्यादि में कुल 50 लाभुकों से आवेदन प्राप्त कर पंजीकरण किया गया। पंचायत पाटजोर के सभी ग्रामों से लोग अपनी समस्या लेकर पंक्तिबद्ध होकर आवेदन जमा कर रहे थे। ग्रामीणों की भीड़ को देखते हुए सभी विभागों के पदाधिकारी / कर्मी द्वारा लोगों को सामाजिक दूरी का पालन कराते हुए कोविड के प्रति सजग किया गया। कार्यक्रम के दौरान जॉब कार्ड, ई-श्रम कार्ड इत्यादि का वितरण लाभुकों के बीच किया गया। साथ ही योग्य लाभुकों के बीच कम्बल भी वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में लोगों की भीड़ से स्पष्ट था कि लोगों को प्रशासन के प्रति काफी अपेक्षाएँ हैं। उन्हें विश्वास है कि उनकी समस्याओं को सुनने एवं उनका समाधान करने हेतु सरकार उनके द्वार पर आयी हैं। सभी कर्मी पूरी तत्परता एवं संयम का परिचय देते हुए लोगों की समस्याओं से जुड़कर आवेदनों पर कार्रवाई कर रहे थे एवं उन्हें इस बीच काफी जन सहयोग भी प्राप्त हो रहा था।

## प्रथम राष्ट्रपति की जयंती पर कांग्रेसियों ने किया नमन

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।



**दुमका।** भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती कांग्रेस भवन दुमका में मनाया गया। जिसका नेतृत्व नगर अध्यक्ष अलीमाम उर्फ टिंकू ने किया। कांग्रेसियों ने डॉ राजेंद्र प्रसाद के तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। प्रथम राष्ट्रपति के बताए हुए रास्ते पर चलने का कांग्रेसियों ने संकल्प लिया। मौके पर नगर महासचिव दशरथ मंडल, अमन गुप्ता, मीठू यादव,सूरज शर्मा ,हारुन अंसारी ,असगर अली, सुभाष रावत, झुन्नू नाग,संजय दास एजाज आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अभाविप ने किया नयी कॉलेज इकाई की घोषणा



**दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शुक्रवार को दुमका नगर इकाई के द्वारा संथाल परगना महाविद्यालय (एसपी कॉलेज) इकाई का पुनर्गठन किया गया। युवा सम्राट विवेकानंद पर दीप प्रज्वलित कर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनीता , नगर उपाध्यक्ष तपेश मिर्धा ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया । जिला एस फ डी प्रमुख सह चुनाव प्रभारी मनीषा कुमारी ने नयी कॉलेज इकाई की घोषणा की। घोषणा के अनुसार सुमंत कुमार नगर अध्यक्ष, सचिन कुमार, बिट्टू कुमार ,सूरज कुमार आर्य कॉलेज उपाध्यक्ष, दिवेश कुमार कॉलेज मंत्री, आसमा खातून, रोशन कुमार झा, आर्यन कुमार सह मंत्री, हेमा कुमारी एसएफडी प्रमुख, सपना सोरेन जनजातीय कार्य प्रमुख, रेणुका टुडू खेलकूद प्रमुख, सूरज सूचना प्रमुख, ह्रदय घोष एसएफएस प्रमुख बने .मौके पर नगर मंत्री जयंत कुमार ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है. जो कि छात्र मुद्दों के समाधान गति करने की दिशा में निरंतर कार्य करते है कॉलेज की समस्या के समाधान के लिए अभाविप सभी कॉलेजों में इकाई गठन करती है .इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनीता कुमारी ,जिला सहसंयोजक मनोज पहाड़िया, नगर उपाध्यक्ष तापस मिर्धा ,नगर सह मंत्री कृष्णा शील, जनजाति कार्य प्रमुख अनोज पुजहर, नगर कार्यसमिति सदस्य सुमन कुमारी आदि उपस्थित थे।

## जिला प्रशासन ने किया समाचार का खंडन



**दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** 2 दिसंबर को दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार के आलोक में प्रखंड विकास पदाधिकारी,दुमका के निदेश पर प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी, दुमका द्वारा मुखिया, पंचायत सचिव और विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्याम किशोर सिंह गांधी एवं अन्य शिक्षकों की उपस्थिति में जांच किया गया। पंचायत के मुखिया द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत आसनसोल के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बनकाठी में ग्राम पंचायत स्तर से नल जल योजना का अधिष्ठापन किया जा रहा है। एक सप्ताह पूर्व ही मोटर, पाईप, टंकी आदि लगाया जा चुका है। उस समय किसी द्वारा सामानों की गुणवत्ता पर सवाल नहीं उठाया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा संदेह करने पर इसकी जांच किया गया। बोरवेल में एक सप्ताह पूर्व फिट किया गया मोटर मिस्त्री द्वारा निकाल कर दिखाया गया। मोटर (क्रॉम्पटन) कम्पनी का है, बिजली का तार भी क्रॉम्पटन कम्पनी का है और पाईप प्रिंसगोल्ड का है। जांच स्थल पर उपस्थित विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा लिखित रूप से दिया गया कि संदेह के कारण ही यह खबर अखबार में छपा है। सभी सामग्री सही है और कल तक कार्य को पूरा करने का अनुरोध किया गया है। स्थल पर उपस्थित मुखिया द्वारा भी लिखित रूप से दिया गया है कि प्रधानाध्यापक के द्वारा भूलवश शिकायत किया गया था। अब कोई शिकायत नहीं है।

## 27 लाभुकों को मिला बकरी पालन का प्रशिक्षण

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।




**दुमका ।** इंडियन बैंक आरसेटी जामा दुमका द्वारा आयोजित 10 दिवसीय आवासीय बकरी पालन प्रशिक्षण का समापन शुक्रवार को आरसेटी में किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि इंडियन बैंक लक्ष्मीपुर शाखा के शाखा प्रबंधक सुमन पुष्कर एवं आरसेटी के निदेशक अनिल कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से सभी प्रशिक्षुओं के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शाखा प्रबंधक सुमन पुष्कर जी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को तभी सार्थक किया जा सकता है जब हमारी दीदी प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना स्वयं का रोजगार शुरू करें। ऐसा करके दूसरों के लिए भी रोजगार के अवसर पैदा किये जा सकते हैं। आरसेटी के निदेशक अनिल कुमार मिश्रा ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समीक्षा करते हुए वित्तीय समावेशन के विभिन्न पहलुओं के महत्व को बताए। साथ में कोविड 19 के बचाव, नियमित रूप से मास्क लगाना, दो गज दूरी बनाये रखना एवं साबुन से समय समय पर हाथ धोने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि बकरी पालन अन्य पशुपालन की तुलना में काफी आसानी से किया जा सकता है। बाजार में मीट की मांग में लगातार वृद्धि हो रही है। बकरी का दूध डेंगू जैसी खतरनाक बीमारी को दूर करने के लिए काफी कारगर साबित होता है। यही नहीं बकरी का दूध तकरीबन 36 प्रकार की बीमारियों से लड़ने में सक्षम है। इसके अतिरिक्त बकरी के बालों को उपयोग फाइबर बनाने में किया जाता है। बकरी पालन के ट्रैनर(अतिथि संकाय) दिलीप चौधरी ने कहा कि बकरी को आसानी से किसी भी जलवायु में पाला जा सकता है। एक बकरी का दूध आसानी से पचने एवं हल्का होने की वजह से रोगियों, बच्चों तथा बूढ़े व्यक्तियों के लिये भी फायदेमंद होता है। ट्रेनर दिलीप चौधरी ने सभी प्रशिक्षार्थियों को बकरी पालने के तरीके, शेड निर्माण, बकरियों की नस्लों की जानकारी, बकरियों में होने वाले बीमारियाँ एवं बकरियों के लिए खाध सामग्री जैसी विशेष जानकारी भी दी। मौ×के पर उपस्थित वरिष्ठ संकाय सह कार्यक्रम समन्वयक उत्पल कुमार लाहा ने कहा कि बकरी पालन के लिए बैंकों से लोन का भी प्रावधान है।उन्होंने कहा कि बकरी पालन ×गरीब और किसान भी कर सकते है क्योंकि इसमें ज़्यादा लागत की जरूरत नहीं होती है कम पैसों में भी इसकी शुरुआत की जा सकती है।बकरी पालन के प्रशिक्षण के अलावे सभी प्रशिक्षणार्थियों को इंटरप्राइजेज डेवलोपमेंट का भी प्रशिक्षण दिया गया। आरसेटी अगले दो वर्षों तक प्रशिक्षुओं का ×फॉलोअप करेगी । ज्ञात हो कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल प्रशिक्षुओं का अंतिम मूल्यांकन भारत सरकार द्वारा कराया गया। मूल्यांकन कैलाश प्रसाद वर्मा और अरविन्द आरोही के द्वारा किया गया। मौ×के पर संकाय सदस्य अमरदीप कुमार,कार्यालय सहायक अभिषेक कुमार व मनोज कुमार सिंह ,संजय सोरेन एवं अन्य उपस्थित थे।

# सरकार की योजनाओं का लाभ हर पंचायत - हर घर को मिले उद्देश्यः सचिव,जल संसाधन विभाग

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

**पाकुड़।** जिले के सभी प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों में शुक्रवार को भी आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में महेशपुर प्रखंड अंतर्गत गायबथान पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रशांत कुमार सचिव, उपायुक्त वरुण रंजन शामिल हुए। अपने संबोधन में उपायुक्त वरुण रंजन ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जिले के सभी प्रखंडों में आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पंचायत झ हर घर को मिल सकें। सभी विभागों द्वारा स्टाल लगाया गया है, जहां उनके द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन पत्र दिए व प्राप्त किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जितने भी बुजूर्ग कार्यक्रम में शामिल हुए है और उन्हें पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल रहा, वह अपना आवेदन जरूर जमा करें। पेंशन योजना के लिए कोटा को समाप्त कर दिया गया है।



### ● आमजन पंजीकरण अवश्यक कराएं

जल संसाधन विभाग प्रशांत कुमार सचिव ने उपस्थित आम जनों से किसी भी योजना का लाभ लेने के लिए पंजीकरण अवश्य कराने की बात कहीं। कहा कि बिना पंजीकरण के आगे आपके मामले का निष्पादन हुआ या नहीं इसकी मानीटरिंग नहीं हो सकती। इसलिए पंजीकरण कर योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। कहा कि कार्यक्रम में प्राप्त सभी आवेदनों पर सुनवाई कर निष्पादन किया जाएगा। कुछ आवेदनों को आज ही निष्पादित कर दिया गया, जबकि शेष को सप्ताह भर में निष्पादित कर दिया जाएगा। झारखंड सरकार इस कार्यक्रम के प्रति इतना गंभीर है इसको देखने के लिए, प्रदर्शित करने के लिए आज मैं यहां उपस्थित हूं मुझे देखकर यह प्रसन्नता हो रही है। इस उम्मीद से यह कार्यक्रम को चलाया गया है की समाज के अंतिम व्यक्ति तक जो सरकार की विभिन्न योजना चल रही है वह सभी हर व्यक्ति को मिले। हमने जो आंकड़े देखे हैं उसमें 60 शिविर सरकार आपके द्वारा लगाया गया है जिसमें 34244 आवेदन आए इसमें 20478 निष्पादन किया गया है। इसी संख्या में यह संख्या एक परिवार से जुड़ा हुआ है इस 20478 परिवार को उनकी उम्मीद का समाधान हुआ है। और सबसे जो महत्वपूर्ण योजना है जिसके ओर मैं आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। वह है जो नई पेंशन आई है सर्वजनिक पेंशन स्कीम है इसका मतलब है कि जो भी इसके योग्य है वह सभी को इस योजना का लाभ मिलेगा और जितने भी हमारे नागरिक हैं और सम्मान के साथ जीने का अधिकार हैं। प्रशांत कुमार सचिव, जल संसाधन विभाग- सह जिला प्रभारी एवं उपायुक्त ने इस शिविर में भी सांकेतिक रूप से कुछ लाभुकों के बीच कंबल का वितरण किया गया।

### ● विभिन्न स्टालों का किया निरीक्षण

सभी विभागों द्वारा लगाएं गए स्टालों का श्री प्रशांत कुमार सचिव, जल संसाधन विभाग एवं उपायुक्त श्री वरुण रंजन ने निरीक्षण किया। उन्होंने स्टाल पर उपस्थित कर्मियों से प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली और निष्पादन से संबंधित बीडीओ/सीओ को जरूरी दिशा झ निर्देश दिया। कहा कि कार्यों का निष्पादन योजनाबद्ध तरीके से करें, ताकि कहीं किसी तरह की कोई चूक नहीं हो।

### ● विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

उपायुक्त वरुण रंजन ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को दी। उन्होंने ग्रीन राशन कार्ड निर्माण, सोना सबरन धोती - साड़ी योजना, फुलो झानों आर्शिवाद योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, ई श्रम पोर्टल पर श्रमिक निबंधन, जेएसएलपीएस द्वारा महिला समूह गठन, कोविड टीकाकरण, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम आदि योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

### ● परिसंपत्ति/स्वीकृति पत्र का किया वितरण

प्रशांत कुमार सचिव, जल संसाधन विभाग एवं उपायुक्त वरुण रंजन ने मौके पर ऑन स्पॉट स्वीकृत लाभुकों के बीच पेंशन, पीएम आवास आदि सरकारी योजनाओं के परिसंपत्ति/स्वीकृति पत्र को वितरित किया। मौके पर उप विकास आयुक्त अनमोल कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉक्टर रामदेव पासवान, जिला कृषि पदाधिकारी मुनेंद्र दास, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ० चंदन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अंजु देवी, महेशपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी उमेश कुमार मंडल, अंचलाधिकारी रितेश जयसवाल, महेशपुर सांसद प्रतिनिधि, महेशपुर विधायक प्रतिनिधि, एसएमपीओ पवन कुमार समेत प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारी सहित काफी संख्या में पंचायत क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### उपायुक्त ने किया जलापूर्ति कार्यो का किया निरीक्षण



**पाकुड़। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग सचिव प्रशांत कुमार व उपायुक्त वरुण रंजन के द्वारा पाकुड़ जिला अंतर्गत पाकुड़िया प्रखंड के ग्राम जोका में नई एकल ग्रामीण जलापूर्ति योजना का निर्माण कार्य और उस योजना से किए जा रहे हाउस कनेक्शन के कार्यों का स्थल निरीक्षण किया गया। साथ ही सचिव प्रशांत कुमार द्वारा ग्रामीणों से योजना से होने वाले फायदे के बारे में जानकारी ली गई। मौके पर सहायक अभियंता अशोक कुमार, कनीय अभियंता चंदन कुमार, जिला समन्वयक राकेश रौशन एवं जिला परामर्शी रइट इमरान आलम मौजूद थे।

### महिला अत्याचार एवं डायन प्रथा के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया गया

● पुलिस एवं ग्रामीणों के बीच समन्वय स्थापित

**अमड़ापाड़ा(पाकुड़)।(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)।** आलूबड़ा पंचायत अंतर्गत ग्राम चिलगो में प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार देवेश द्विवेदी एवं थाना प्रभारी मनोज कुमार सहित पुलिस पदाधिकारियों के साथ वहां की जनसमस्याओं के संबंध में जानकारी ली एवं उनके समाधान हेतु आवशयक जानकारी दी. पुलिस एवं ग्रामीणों के बीच समन्वय स्थापित करने हेतु महिला अत्याचार एवं डायन प्रथा के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया गया तथा वहां के युवाओं को प्रोत्साहन हेतु फुटबॉल प्रदान किया गया तथा बच्चों के बीच बिस्किट का वितरण किया गया.

### दस दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण का हुआ समापन



**पाकुड़। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)।** सदर प्रखंड पाकुड़ के भुस्का गांव में भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित दस दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण समापन किया गया। समापन के मौके पर प्रशिक्षण लेने वाले 34 प्रशिक्षुओ को निदेशक आरसेटी पाकुड़ फूलजेंस तिग्गा व वरिष्ठ संकाय सह कार्यक्रम समन्वयक आरसेटी पाकुड़ अमित कुमार बर्द्धन ने संयुक्त रूप से प्रमाण पत्र का वितरण किया। प्रशिक्षुओ को संबोधित करते हुए फूलजेंस तिग्गा ने कहा कि बकरी पालन एक रोजगारपरक कार्यक्रम हैं।

प्रशिक्षण का लाभ उठाकर व्यव्साय करें।महिलाएं स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बने। साथ ही हुनर के महत्व पर प्रकाश डाले।बकरी पालन हेतु यथासंभव ऋण द्वारा मदद करने की बात कही। वही अमित कुमार बर्द्धन ने कहा कि बकरी पालन एक ऐसी व्यव्साय है, जिसमें रोजगार की असीम संभावनाएं हैं।बकरी को गरीबो की गाय कहा गया है। यदि दस बकरियों से इस व्यव्साय की शुरुआत की जाए तो अगले पांच वर्षों में पर्याप्त आमदनी होने लगेगी और परिवार सम्पन्न हो जाएगा। महिलाओं को बकरी पालन के साथ ही बैंकिंग, विपणन, वित्तीय समावेशन आदि से संबंधित जानकारी दी गई। प्रशिक्षुओ को अगले दो सालों तक फॉलोअप किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मूल्यांकन नेशनल अकादमी ऑफ रुडसेटी द्वारा प्रतिनियुक्त अधिकारी अरुणनाथ तिवारी व अरविन्द आरोही ने किए। कार्यक्रम में संकाय वापी दास, कार्यालय सहायक शिबू कुनाई, प्रशिक्षक सुनीता हेम्ब्रम व अन्य लोग मौजूद थे।

## बीजीआर कंपनी विस्थापित ग्रामीणों से बिना सहमती एवं सरकार के नियमों को ताक में रखकर काम करने का काम किया: बीडीओ

**बिना अनुमति के पुल निर्माण करने को लेकर को लेकर ग्रामीणों ने जताया विरोध, कहां बीजीआर कंपनी अपनी मनमानी कर रही है**





(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

**पाकुड़।** जिले के अमड़ापाड़ा प्रखंड क्षेत्र के नॉर्थ कॉल ब्लॉक के विस्थापित गांव चिलगो और बिशनपुर के सीमा पर बीजीआर कंपनी के द्वारा नाला में पुल बनाने को लेकर ग्रामीणों ने डीसी और अंचलाधिकारी को आवेदन के माध्यम से अवगत कराया था की बीजीआर कंपनी अपनी मनमानी से पुल का निर्माण कर रही है. कंपनी ग्रामीणों और ग्रामप्रधान की बिना सहमति से पुल का निर्माण कर रही है. इसकी लिखित शिकायत ग्रामीणों ने डीसी से किया. डीसी के निर्देश पर बीडीओ कुमार देवेश द्विवेदी, पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी मनोज कुमार और बीजीआर कंपनी के अधिकारी कुमार रेड्डी शुक्रवार को चिलगो गांव के स्कूल मैदान पहुँच कर बैठक किया गया. बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान बाबूलाल टुडू में किया गया. बैठक में मूलभूत सुविधा के साथ पुल निर्माण में अधिग्रहण की गई भूमि का मुआवजा को लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन और कंपनी के बीच रखा. ग्रामीणों रमेश मुर्मु, महतन टुडू, बोनेसुर टुडू, वकील टुडू, सनातन हासदा, सुरेंद्र मरांडी, सोम हेम्ब्रम, बर्नवाश किस्कु, सनोति टुडू, शांति मुर्मु, फुलमनी कोलिन, प्रधान हांसदा ने कहा कि पुल निर्माण में की गई है जमीन अधिग्रहण का मुआवजा जब तक ग्रामीणों का नहीं मिलेगा तब तक कार्य बंद रहेगी या बिना सहमति के कार्य नहीं किया जाएगा. ग्रामीणों ने कहा की जमीन अधिग्रहण के नये दर पर विस्थापितों को भुगतान किया जाय. ग्रामीणों ने यह भी

### ● स्थानीय प्रशासन, बीजीआर और ग्रामीणों के बीच बैठक

कहा कि गांव में बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य के लिए एंबुलेंस शिक्षा एवं महिलाओं के लिए 10,000 प्रतिमाह दिया जाए, वृद्ध महिलाओं को जीवन यापन के लिए सहयोग राशि दिया जाए, साथ ही शादी समारोह एवं श्राद्ध कर्म के लिए कंपनी के द्वारा सहयोग राशि के रूप में दिया जाए. वहीं इस मामले में वीडियो में सभी ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि कंपनी जब तक आप लोगों की जमीन अधिग्रहण किए गए है उसके बदले में मुआवजा नहीं देगी तब तक यह कार्य नहीं कर सकती है. इन्होंने बिना अनुमति के कार्य किया है. यह सरासर गलत है. बीजीआर कंपनी विस्थापित ग्रामीणों से बिना सहमती एवं सरकार के नियमों को ताक में रखकर काम करने का काम किया है. इस मामले पर कंपनी को निर्देशित भी किया गया है, लेकिन अभी तक कंपनी के द्वारा कोई जवाब नहीं प्राप्त है. वही कंपनी के अधिकारी कुमार रेड्डी ने कहा की आपलोगों के सहमती के बिना हम काम नहीं करेंगे. मौके पर राजू मुर्मु, रंजन मरांडी, प्रधान मुर्मु बानेश्वर टुडू, महातन टुडू, नाजिर सोरेन, ताला, सुरेश सोरेन, बर्नवाश किस्कु, ग्राम प्रधान बाबूलाल टुडू, सुरेंदर मरांडी, हिमांशु मुर्मु, पंचायत मुखिया मानवेल हांसदा, शिवधन हेम्ब्रम, प्रधान हांसदा आदि उपस्थित थे।

## सर्व सम्मति से हुआ झामुमो नगर कमिटी का पूर्ण गठन

**● मुकेश सिंह बनाए गए नगर अध्यक्ष, नूर आलम बनाए गए नगर सचिव**

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)



**पाकुड़।** शुक्रवार को मुख्य अतिथि झामुमो जिला अध्यक्ष/प्रयवेक्षक श्याम यादव की अध्यक्षता में नगर संयोजक मुकेश कुमार सिंह की उपस्थिति में पाकुड़ के खदान पाड़ा यज्ञ मैदान में झामुमो द्वारा नगर सम्मेलन किया गया. जिसमे सर्व सम्मति से नगर कमिटी का पूर्णगठन किया गया। जहां सर्व सम्मति से नगर अध्यक्ष पद से मुकेश सिंह को सुशोभित किया गया. वही नगर सचिव के पद से नूर आलम को नवाजा गया। जबकि पांच उपाध्यक्ष की नियुक्ति की गई है जिसमें रियाज अंसारी, आदित्य तिवारी, अफताप अहमद (पिक्लू), राजू सिंह, देवनंद टुडू, पदाधिकारी बनाए गए। तो वही शादाब आलम को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इसके साथ ही सह सचिव के रूप में कृष्णा अग्रवाल, राजेश कुमार यादव, नगर संगठन सचिव समीम(मीम) अंसारी, प्रदीप हाजरा, कार्यालय सचिव मो०रियाज, नगर कार्यकारणी में 21 सदस्यी टीम बनाई गई है। जिसमे निशांत सिंह, राहुल कुमार, प्रकाश सिंह, राकेश कुमार साहा, बैरिस्टर यादव, सैमुअल सोरेन, बैधनाथ यादव, सरवन गोंड, राज ठाकुर, सत्यम सिंह, शहनावाज (पिंटू)इकबाल, नसीम अंसारी, बुल्लू सेख, अनीश सेख, रॉनी विश्वाश, मो०नजीर,फूल मुहम्मत, समीम अंसारी, नूरेमान सेख, अकीउल सेख, सुरेंद्र कुमार साहा, इस प्रकार नगर कमिटी का पूर्णगठन किया गया। बताते चले की प्रत्येक तीन वर्ष में महाअधिवेशन होता है जिसके तहत सभी कमिटीया भंग कर दी गई थी। जिसमे नगर कमिटी के गठन के साथ शुभारंभ किया गया जिला अध्यक्ष महोदय ने बताया कि बहुत जल्द प्रखंड कमेटी का भी गठन कर लिया जाएगा। मौके पर किशोर भगत,बीरू घोष, मिथिलेश घोष, महमूद आलम, जहूर आलम, उमर फारूक, के० के० दास, अनवर अंसारी, तनवीर आलम, प्रकाश सिंह, जमसेद अंसारी, सदीम, वंशराज गोप सहित नगर के कई झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सुंदरपहाडी में जिला टास्क फोर्स का छापा, पोकलेन, विस्फोटक और कई वाहन किया जब्त



**पाकुड़। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)।** एसडीओ के नेतृत्व में शुक्रवार को अवैध उत्तखनन के खिलाफ जिला टास्क फोर्स की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। डीटीएफ के संयोजक सह एसडीओ पंकज कुमार के नेतृत्व में की गयी छापेमारी के दौरान सुन्दरापहाडी मौजा में संचालित अवैध पत्थर खदान से विस्फोटक सामानों सहित सात ट्रैक्टर, छह ड्रील मशीन, एक पोकलेन जप्त किया गया है। एसडीओ पंकज कुमार को यह सूचना मिली थी कि सुन्दरापहाडी मौजा में पत्थरों का अवैध उत्तखनन कर सरकार के रॉयल्टी को छती पहुंचाया जा रहा है। मिली इसी सूचना पर एसडीओ ने जिला खनन पदाधिकारी प्रदीप कुमार साहा, मुख्यालय डीएसपी वैद्यनाथ प्रसाद खान निरीक्षक पिंटू कुमार मालपहाडी थाना प्रभारी सुकरू उरांव ने दलबल के साथ सुन्दरापहाडी मे छापेमारी की।

अधिकारियों की गाड़ी जैसे ही अवैध उत्तखनन स्थल पहुंची खदान में काम कर रहे मजदूर एवं गाड़ी चालक भागने लगे। छापेमारी में शामिल अधिकारियों ने वाहन सहित विस्फोटक सामानों को जप्त कर लिया।एसडीओ ने बताया कि अवैध पत्थर उत्तखनन मामले में यार मोहम्मद,हँसीबुल सेख एवं एक अन्य का नाम सामने आया है जिसके खिलाफ एफआईआर मालपहाडी ओपी में दर्ज कराया जाएगा। यहां उल्लेखनीय है कि जिले के दर्जनो पत्थर माफिया बंद पड़े पत्थरखदानो में अवैध तरीके से पत्थरो का न केवल उत्तखनन करते बल्कि विस्फोटको का भी इनके द्वारा इस्तेमाल पत्थर खुदाई के लिए किया करते है। जिला टास्क फोर्स की टीम लगातार छापेमारी कर रही है बावजूद कुछ बड़े माफिया अपनी करतूतों से बाज नही आते है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सुन्दरापहाडी मौजा में आज की गयी डीटीएफ की छापेमारी के दौरान अवैध उत्तखनन मामले में जिस यार मोहम्मद, हासिबुल सेख का नाम सामने आया है इसकी साठगांठ कुछ अधिकारियों मीडिया कर्मियों से थी. इसलिए छापेमारी की होने वाली कार्रवाई को एसडीओ के स्तर से काफी गोपनीय रखा गया था।एसडीओ पंकज कुमार को छोड़कर किसी भी अधिकारी को यह मालूम नही था कि किस मौजा में किस बंद खदान में छापेमारी की जानी है। बहरहाल जिला टास्क फोर्स द्वारा की गयी छापेमारी से पत्थर माफियाओं में हड़कम मच गया है.

## जिला प्रभारी सह पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के बारे में जानकारी मीडिया को दी



(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

**पाकुड़।** जिले भर में आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में अब तक कुल 34,244 आवेदन प्राप्त हुआ है। जिसमें से अब तक 20,478 मामलों का निष्पादन कर दिया गया है. वहीं 13,766 मामलें विचाराधीन हैं. जिले में आवेदनों के निष्पादन की दर 60 फीसदी है। इस मामलें में पाकुड़ पुरे राज्य में 7वें स्थान पर है। उक्त जानकारी कार्यक्रम के जिला प्रभारी सह पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव श्री प्रशांत कुमार ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 63 कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इनमें से महेशपुर प्रखंड के गायबथान गांव में हुए कार्यक्रम में आज शामिल हुआ। वहां जिला प्रशासन की व्यवस्था काफी संतोषजनक लगी। लोगों को सुविधापूर्ण तरीके योजनाओं की जानकारी दी जा रही थी। साथ ही उनके आवेदनों को भी प्राप्त किया जा रहा था। प्राप्त आवेदनों में सबसे ज्यादा आवेदन आवास

### ● जिले में आवेदनों के निष्पादन की दर 60 फीसदी है

योजना को लेकर है, इस मामलें में कुल 8924 आवेदन प्राप्त हुए हैं. वहीं पेंशन को लेकर 4286, पीडीएस को लेकर 1894, सेवा गांरटी अधिनियम के तहत 1991, भूमि सुधार को लेक र 801, आजीविका को लेकर 2490, कृषि को लेकर 442, स्वास्थ्य और पोषण को लेकर 3735, शहरी स्थानीय निकाय को लेकर 74, 15 वें वित्त आयोग को लेकर 49, पेयजल को लेकर 6 और ई-श्रम को लेकर 2129 आवेदन प्राप्त हुए हैं. इनमें से 20,234 मामलों का निष्पादन कर दिया गया है। वहीं 13,148 मामलें विचाराधीन हैं। मौके पर उपायुक्त वरुण रंजन, उप विकास आयुक्त अनमोल कुमार सिंह, डीपीआरओ डॉ चंदन, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, एसएमपीओ पवन कुमार, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि सहित अन्य मौजूद थे।

## योजनाओं के लाभ से लाभुकों को

पाकुड़। झारखण्ड देखो , प्रतिनिधि।

आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को हिरणपुर प्रखंड के हाथकाटी पंचायत परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिला परिवहन पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी उमेश कुमार, अंचल अधिकारी मनोज कुमार , हाथकाठी शिविर का उद्घाटन किया. शिविर में सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से लाभुकों को लाभान्वित करना ही प्राथमिकता। जिले को संक्रमण मुक्त बनाने के दिशा में सत प्रतिशत टीकाकरण कार्यक्रमों का आयोजन कर 40 से 50 लोगों को कोविड का टीकाकरण किया गया। जेएसएलपीएस की फूलों झनो आशीर्वाद योजना द्वारा दो दीदियों, चमेली मुर्मू, पति चोड़का किस्कू, ग्राम गोविंदपुर व फूलों पहाड़िया, पति चामू पहाड़िया, ग्राम ढोंगी पहाड़, सामाजिक संस्था के सखी मंडल ने इन दोनों आदिवासी महिला की आर्थिक मदद पहुंचाने के तहत 10,000 की राशि का ऋण दिया गया ऑन द स्पॉट। सीएसजी लिंकेज को गुलाब फूल आजीविका, सखी मंडल ने 3 महिलाओं को (600000)छः लाख, क्रेडिट ऋण दिया गया. फूलों पहाड़ी, चंपा पहाड़ी, व पाना पहाड़ी। इस में प्रधानमंत्री आवास, वृद्धा-विधवा पेंशन, राशन कार्ड, जॉब कार्ड, श्रम विभाग मनरेगा योजना, तेजस्वी योजना, जेएसएलपीएस, बाल विकास परियोजना सहित विभिन्न विभागों के द्वारा शिविर में स्टॉल लगवा कर कुल 505 आवेदन जमा लिया गया। 160 लोगों में कंबल का वितरण किया गया। शिविरों के माध्यम से लोगों की समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान करने का कार्य प्रशासन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पंचायत के कार्यकारी मुखिया, विधायक प्रतिनिधि, जिला परिषद अध्यक्ष प्रखंड पदाधिकारी अंचल अधिकारी पंचायत स्तर के अधिकारी कर्मी एवं जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

# मोबाइल वेन द्वारा तिसरी क्षेत्र में गांव गांव जाकर 216 सूदुरवर्तियों को लगाया कोरोना का टीका

## स्वास्थ्य विभाग तिसरी, स्कूल, यूनिसेफ और चेतना विकास की टीम बधाई के पात्रः डॉ रंजीत

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**तिसरी/गिरिडीह।** स्कूल यूनिसेफ और चेतना विकास के पहल पर केयर इंडिया के सहयोग से खरखरी और मनसाडीह क्षेत्र में घर-घर जाकर 216 सूदुरवर्तियों को कोविड-19 वैक्सीन लगाया गया।

टीकाकरण के दौरान गांव गांव भ्रमण करते हुए 55 ऐसे रिफ्यूजियों को टिका दिया गया जो टीका लेने के लिए कतई तैयार नहीं थे। ऐसे में स्कूल, यूनिसेफ चेतना विकास के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग की आसनालता किस्कू ने भी काफी संघर्ष के बाद 55 लोगों को टीका दिलवाने में भरपूर सहयोग किया।



जिसमें केयर इंडिया टीम का योगदान महत्वपूर्ण रहा।

टीकाकरण के दौरान कुल 115 लोगों ने कोविड-19 लिया। तो दूसरी और 102 लोगों ने टीका लेकर टीका एक्सप्रेस कार्यक्रम को सफल बनाने में भरपूर सहयोग किया।

बताते चलें कि केयर इंडिया के सौजन्य से स्कूल, यूनिसेफ और चेतना विकास के जिला समन्वयक राजेश मिश्रा द्वारा पहल करने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तीसरी को टीका एक्सप्रेस में उपलब्ध कराया गया है। जिसके माध्यम से सुदूरवर्ती क्षेत्रों में पहुंचकर टीकाकरण करवाना है जिसके तहत आज ना सिर्फ सुदूरवर्ती क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को टिका दिया गया।

कार्यक्रम का मार्गदर्शन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रंजीत कुमार, बीएएम रितेश कुमार, कंप्यूटर सहायक प्रवीण कुमार द्वारा किया गया। इन दोनों मोबाइल वैन में से एक वैन की अगुवाई बीएएम रितेश कुमार ने किया। तो दूसरे वैन का स्कूल, यूनिसेफ चेतना विकास के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर विलियम जैकब द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में पंचायत समन्वयक रोहित भारती, सुरेंद्र मिस्त्री और मुकेश के साथ-साथ एएनएम मायालता हेम्बरोम, सुरजमुनी सहिया गुड़ीया बर्णवाल, रीता कुमारी, सहिया साथी सरिता देवी, टेरेसा मरांडी की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

टीकाकरण कार्यक्रम को सफल बनाने में वार्ड सदस्य प्रतिनिधि रंजीत कुमार, वार्ड सदस्य सुनीता देवी, मुखिया प्रतिनिधि एनासियस हेम्बरोम का योगदान महत्वपूर्ण रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### कार्यक्रम सरकार आपके द्वार में शामिल हुए डीपीआरओ



**देवरी/गिरिडीह/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे जिले भर में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत देवरी प्रखंड के घसकरीडीह पंचायत में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी इंद्रलाल ओहदर और अंचल अधिकारी राजमोहन तुरी के नेतृत्व में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मुख्य रूप से डीपीआरओ शिवशंकर प्रशाद उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विभिन्न प्रकार के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुदूरवर्ती क्षेत्रों में आम लोगों तक पहुंचाना है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न समस्याओं को निष्पादन हेतु सैकड़ों लोगों ने आवेदन जमा किया वहीं जहां अधिकतर समस्याओं का निष्पादन शिविर में ही कर दिया गया।

कार्यक्रम के विषय में जानकारी देते हुए बीडीओ इंद्रलाल ओहदर ने बताया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत हर एक पंचायत में शिविर लगाया जा रहा है और जनता की समस्याओं को सुना जा रहा है। अर्जुन समस्याओं का समाधान तत्काल हो जाना चाहिए उसे समाधान कर दिया जा रहा है।

वहीं कार्यक्रम में आयोजित टीकाकरण शिविर में 100 से अधिक लोगों को कोरोना का टीका लगाया गया। मौके पर गीता हाजरा, प्रदीप हाजरा, मुखिया मंझली हेम्ब्रम, तालों मरांडी, मुंशी हेम्ब्रम, प्रकाश चौधरी, सत्यनारायण चौधरी, आदि लोग मौजूद थे।

### नायकडीह में अखिल भारतीय किसान महासभा का सदस्यता अभियान में जुड़े 40 किसान



**गिरिडीह/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** देवरी प्रखंड अंतर्गत बेडोडीह पंचायत के नायक डीह के वार्ड नंबर 9 में अखिल भारतीय किसान महासभा का सदस्यता अभियान प्रखंड सचिव रामकिशुन यादव के नेतृत्व में संचालित किया गया। जिसमें 40किसानों ने किसान सभा का सदस्यता ग्रहण किया तथा सुनील राय के नेतृत्व में असको गांव के पासवान टोला में किसान महासभा का सदस्यता अभियान संचालित किया गया जिसमें 20लोगों ने किसान सभा का सदस्यता ग्रहण किया मौके परसचिव रामकिशुन यादव ने कहा कि आज भी नायक डीह में दर्जनो गरीबों का आवास नहीं बन पाया तथा बेडो डीह पंचायत के वार्ड नंबर 9में एक भी अनुसूचित जाति के लोग नहीं है और उक्त वार्ड को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित कर दिया गया है जो पंचायती राज अधिनियम के विरूद्ध है इतनी गलती करने वाले संबंधित कर्मचारी के उपर कडी से कडी कार्रवाई करते हुए उक्त वार्ड को सामान्य सीट घोषित किया जाना चाहिए पिछले पंचायत चुनाव में भी उक्त वार्ड का प्रतिनिधित्व नहीं हो पाया था मौके पर प्रखंड कमिटी सदस्य संजय सिंह बलबीर कुमार सुनील राय नरेश पासवान सुखदेव पासवान नवीन रजक आदि मौजूद रहे।

### बाइक सवार हुआ घायल

**गिरिडीह/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** जिले के तिसरी प्रखंड अंतर्गत तिसरी व गांवा के मध्य नारायण पुल के पास बाइक दुर्घटनाग्रस्त होने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर सब इंस्पेक्टर अमित कच्छप घटनास्थल पर पहुंचे।जिसके बाद घायल व्यक्ति को तिसरी हॉस्पिटल लाया गया।घायल का प्राथमिक इलाज करने के बाद डॉक्टर जयनंद्र कुमार द्वारा बेहतर इलाज के लिए गिरिडीह रेफर कर दिया गया। बताया जाता है की युवक तिसरी से गांवा प्रखंड के डोमनी जा रहा था। इस बीच हीरो होंडा से आ रहे अज्ञात व्यक्ति ने टक्कर मार दी। जिससे युवक का दायां पैर और कान फट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

## दो दिवसीय दौरे पर राज्यपाल धनबाद पहुंचे,कोयला उत्पादन प्रक्रिया को देख कहा,ऐसा पहली बार देखा



झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**धनबाद।** झारखंड के महामहिम राज्यपाल श्री रमेश बैस आज शुक्रवार को सड़क मार्ग द्वारा दो दिवसीय दौरे पर धनबाद पहुंचे। आज पहले दिन उन्होंने झरिया बीसीसीएल के अग्नि प्रभावित इलाकों का भी दौरा किया।इस क्रम में सबसे पहले वे आउटसोर्सिंग पहुँचे, जहां व्यू प्वाइंट से कोयले के उत्पादन की प्रक्रिया को भी देखा। कोयला उत्पादन कैसे होता है, इसे देखने के लिए आउटसोर्सिंग स्थल पहुँचे।इस दौरान तीन भारी वाहनों का उन्होंने उद्घाटन भी किया।वहीं शाम में राज्यपाल धनबाद क्लब में एक शादी समारोह में शिरकत करेंगे। महामहिम रमेश वैस ने कहा कि उन्होंने इससे पहले अंडरग्राउंड माइंस विदेशों में देखा था, पर पहली बार वे ओपन कास्ट माइंस को देखे हैं। उन्होंने माइंस के अवलोकन के बाद कोयला काटने में किस-किस मशीन का उपयोग होता है, इसकी भी जानकारी ली।

## गिरिडीह जिले में पीट पीट कर चोरी के आरोप में हुई एक व्यक्ति की मौत

**गिरिडीह।** गिरिडीह के बगोदर थाना क्षेत्र अंतर्गत खेतको ग्राम में चोरी करने के प्रयास में एक चोर की मौत ग्रामीणों द्वारा जमकर पिटाई किए जाने से होने का समाचार प्रकाश में आया है।बताते हैं कि दो ओर चोर फरार होने में सफल रहा। इधर ग्रामीणों की पिटाई से हुए मृतक व्यक्ति की पहचान फिलहाल नहीं हो पाई है। पुलिस मृतक की पहचान में जुटी हुई थी। वहीं आरोपी चोर की पिटाई करने वाले ग्रामीणों की पहचान अब तक नही हो पाई है।बगोदर थाना पुलिस आरोपियों की पहचान में जुटी हुई है। घटना की पुष्टि करते हुए बगोदर थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।घटना बीती देर रात की बताई जा रही है।वहीं उन्हें जानकारी सुबह 5 बजे मिली। इसके बाद घटनास्थल पहुंचे और जख्मी चोर को आज इलाज के लिए अस्पताल ले गए।जहां इलाज के दौरान चोर की मौत हो गई।



जानकारी के अनुसार गुरुवार की देर रात तीन चोर खेतको गांव निवासी दशरथ महतो के घर में चोरी की नियत से घुसे थे।बताते हैं कि तीनो गृहस्वामी के घर मवेशी चोरी करने घुसे थे। बताया जा रहा है कि तीनो चोर उस वक्त घुसे जब गृहस्वामी समेत परिवार के सभी सदस्य गहरी नींद में सोए हुए थे। इसी दौरान घर में हो रहे खटपट की आवाज से परिवार के किसी सदस्य की नींद टूट गई और उसने सभी लोगों को उठाया। इसके बाद सबों ने जब तीनो चोरों को पकड़ने का प्रयास किया, जिसमें दो चोर भागने में सफल रहा। एक चोर को परिवार के सदस्यों ने पकड़ लिया। इसके बाद मौके पर पहुंचे गांव के कई अन्य ग्रामीणों ने चोर की जमकर पिटाई कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इस दौरान बगोदर थाना पुलिस भी सुबह पांच घटनास्थल पहुंची और जमीन पर बेहोश पड़े चोर की हालत को देख कर उसे तुरंत इलाज के लिए भेजा। लेकिन इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई।जिले में पीट पीट कर हत्या कर दिए जाने की यह इस सप्ताह दूसरी घटना है।इससे पूर्व हाल ही में जमीन विवाद में परिजनों द्वारा लाठी डंडों से पीट पीट कर एक दिव्यांग की हत्या कर दी गई थी।

## मुंबई पुलिस ने लड़की अपहरण के मामले में दो युवकों को गिरिडीह से किया गिरफ्तार

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**गिरिडीह।** अल्पवयस्क लड़की को लेकर भागे हुए दो युवकों को मुंबई पुलिस ने गिरिडीह के अहिल्यापुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही पुलिस ने नाबालिग युवती को भी बरामद कर लिया।बीती शाम गिरिडीह और मुंबई पुलिस ने उद्नाबाद गांव में संयुक्त रूप से छापामारी अभियान चलाया।जिसमे दोनो आरोपी युवक धर लिए गए।

गिरफ्तार आरोपियों में मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के उदनाबाद गांव निवासी लालू वर्मा और विकास तुरी शामिल थे।जानकारी के अनुसार ऑनलाइन फ्री फायर गेम खेलने के दौरान दोनो आरोपी युवकों की पहचान मुंबई की इस अल्पवयस्क लड़की से हुई थी।

आरोपी की गिरफ्तारी और लड़की की बरामदगी के बाद मामले की जानकारी गिरिडीह सीडब्ल्यूसी को दी गई।इस दौरान सीडब्ल्यूसी के सुरक्षा पदाधिकारी श्यामा प्रसाद ही बरामद युवती को अहियालपुर थाना से लेकर सीडब्ल्यूसी पहुंचे और नाबालिग से



पूरे मामले की जानकारी लेने के बाद उसके माता-पिता को मुंबई से गिरिडीह बुलाकर सौंप दिया गया।

आरोपी दोनो युवक नाबालिग युवती को बीते 29 नवंबर को लेकर गिरिडीह के उदनाबाद पहुंचे थे।मुंबई पुलिस को युवती के अपहरण किए जाने की सूचना उसके परिजनों ने दिया था।इसके बाद मुंबई पुलिस ने जांच शुरू की और 1 दिसंबर को मुंबई पुलिस भी गिरिडीह पहुंच गई। जानकारी के अनुसार इसमें दोनो में से एक आरोपी युवक ने नाबालिग को अपने घर में छुपा कर रखा था। हालाकि सीडब्ल्यूसी को दिए बयान में नाबालिग ने कहा कि आरोपियों युवकों ने उसके साथ कुछ गलत नही किया।


## महापुरुषों की जयंतियों के आयोजन से बच्चों को अच्छे कार्यों हेतु मिलती है प्रेरणाः सुनील जैन

**डुमरी।** महापुरुषों की जयंतियों का आयोजन बच्चों को अच्छे कार्यों के लिए प्रेरित करता है और उन्हें अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर करने में सहायक होता है.उक्त बातें पीएनडी जैन उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार जैन ने देश के प्रथम राष्ट्रपति डा.राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर आज कहा.शुक्रवार को आयोजित इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों ने राजेन्द्र बाबू के चित्र पर माल्यार्पण किया और पुष्प अर्पित कर भारत रत्न के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की. सनी सिन्हा एवं कोयल कुमारी ने अंग्रेजी में राजेन्द्र बाबू के जीवन पर प्रकाश डाला.श्रेयांस जैन,प्राची कुमारी,अंशिका सोनी,स्नेहा भारती,मृणाल सामंता, नीलम कुमारी,कोमल कुमारी,मनीषा कुमारी,काजल कुमारी,ब्यूटी कुमारी,आकृति वर्मा इत्यादि कई छात्र- छात्राओं ने डा.राजेन्द्र प्रसाद की जीवनी के बारे में अपने वक्तव्य रखे.बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया.शिक्षक श्याम कुमार सिंह ने राजेन्द्र बाबू के सादगी भरे जीवन से शिक्षा लेने की बात कही.कार्यक्रम संयोजक विज्ञान शिक्षक देवेश कुमार देव ने कहा कि औपचारिक अध्ययन के साथ साथ बच्चों के अंदर छिपी हुई प्रतीभा को उजागर कर उनके संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास में ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन बहुत ही आवशयक है.व्यक्तित्व कला और प्रतिभा के बहुमुखी विकास के लिए महापुरुषों की जयंतियां एक अच्छा माध्यम है.उन्होंने बताया कि

प्रधानाध्यापक और शिक्षकों के सुझाव पर कार्यक्रमों की एक सूची तैयार कर आयोजित करने का निर्णय लिया गया है.कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक सह शिक्षक प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह,संगीता जैन,प्रमोद कुमार यादव,सदानंद प्रसाद,आकाश जैन,श्याम कुमार सिंह, माधुरी कुमारी,रजत जैन,रुपलाल मंडल,संजीत कुमार, दयानंद कुमार,एतवारी महतो,रविन्द्र कुमार समेत वर्ग अष्टम,नवम और दशम के छात्र- छात्राऐं उपस्थित थे।

## टोटो वाहन और 709 ट्रक में टक्कर में पांच हुए घायल

**डुमरी।** डुमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत कुलगो टोल नाका के समीप आज शुक्रवार को 709 ट्रक एवं टोटो में हुई जोरदार टक्कर में दो बच्चे समेत पांच लोग घायल हो गये।सभी लोगों का इलाज एक निजी अस्पताल में किया गया। इस संबंध में बताया जाता है कि धनबाद के मुराईडीह से एक टोटो में सवार होकर कुछ लोग पूजा करने के लिए बगोदर थाना क्षेत्र के गोपालडीह के सोना पहाड़ी जा रहे थे।तभी अचानक टोल प्लाजा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया।घटना में एक ही परिवार के पांच सदस्य क्रमशः महेन्द्र प्रसाद बरनवाल (55वर्ष) पत्नी मीना देवी (50वर्ष) बहु नीलू देवी (30वर्ष) एवं दो बच्चे गन्नू (6वर्ष) तथा बिट्टु (6वर्ष) घायल हो गए।



# तीसरी बीडीओ को मिला हुआ है 2 प्रखंडों का प्रभार, जनता परेशान

## ग्रामीणों ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को बताया खानापूर्ति

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**गिरिडीह।** तिसरी प्रखंड के सिंघो पंचायत भवन परिसर में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम सीओ असीम वाडा के अध्यक्षता में सुक्रवार को आयोजित किया गया ।

संबंधित सभी विभाग ने स्टॉल लगा कर ग्रामीणों समस्याओं से संबंधित आवेदन लिया गया। लेकिन शिविर में आये दर्जनो ग्रामीणों के चेहरा में उदासी साफ दिखा। शिविर में आये लोगो का कहना है कि शिविर में न ही प्रखंड विकास पदाधिकारी है न ही सबंधित कर्मचारी है। समस्या का आवेदन जमा हो रहा है लेकिन दिए गए आवेदनो का निष्पादन अधिकारियों के आभाव में कैसे



होगा। ग्रामीण मनोज यादव,मुन्ना राणा ने बताया सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के माध्यम से सिंघो पंचायत में सिर्फ खाना पूर्ति किया गया। सीओ असीम बाड़ा ने कहा तिसरी वीडियो गांवा प्रखंड के सरकार आपके द्वार कार्यक्रम है। शिविर में ग्रामीणों द्वारा दिये जाने वाली संबंधित समस्या का आवेदन का निष्पादन किया जा रहा है । जो आवेदन समय अभाव में नही हो पाएगा उसे 10 दिन के भीतर तिसरी ब्लॉक में किया जाएगा। मौके पर मुखिया चिंता देवी, बिपिओ राज कुमार हेंब्रम, अशोक गोप, रोजगार सेवक मनोज पांडेय सेविका किरण भारती ,सरिता देवी ,जुबेदा खातून ,मंजू चौधरी बेबी खातून ,ऑपरेटर बिक्की सिन्हा,प्रमोद कुमार भिखारी दास राजश्व कर्मचारी गोपी नाथ सिन्हा समेत कई लोग सामिल थे ।

जानकारी के अनुसार सिंघो पंचायत में योजना में भारी गड़बड़ी वर्ष 19/20 में हुई थी । डोभा और तालाब निर्माण में मजदूर के स्थान पर सिर्फ जेसीबी मशीन से कार्य कराया गया था । जिसकी डीआरडीए निदेशक द्वारा जांच के उपरांत तिसरी थाना में कांड संख्या 99/020के तहत सिंघो पंचायत के मुखिया ,पंचायत सेवक ,जूनियर इंजीनियर ,रोजगार सेवक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया था । धारा ननबेलेबल होने के कारण झारखंड उच्च न्यायालय से सभी का बेल हुआ है । कोर्ट के निर्देश पर प्रखंड नजारत में 48000हजार जुर्माना राशि भी जमा कराया गया है ।

प्रखंड स्तरीय योजना निरीक्षण शिविर का आयोजन किया गया था ।जिसमे भी मुखिया ,पंचायत सेवक ,रोजगार सेवक , जूनियर इंजीनियर को जुर्माना लगाया गया था । आज तक सभी अधिकारियों ने सरकारी खजाना में राशि जमा नहीं की गई है ।

# सभी योजनाओं का लाभ अवश्य लें

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।



**दुमका।** शिकारीपाड़ा प्रखंड में आयोजित आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए जिला परिषद अध्यक्ष जॉयस बेसरा ने कहा कि पहली बार सरकार पंचायत में पहुंचकर लोगों की समस्याओं को तुरंत कार्यक्रम स्थल पर ही दूर करने का कार्य कर रही है। लोगों का विश्वास सरकार के प्रति और भी बेहतर हुआ है। कहा कि आप सभी योजनाओं का लाभ अवश्य लें।आपके लिए ही यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।सरकार के विभागों के स्टाल लगाए गए हैं,स्टॉल पर पहुंचकर योजना की जानकारी प्राप्त करें तथा योजना का लाभ लेने हेतु स्टाल पर ही आवेदन समर्पित करें।जरूरी प्रक्रिया पूरी करते हुए आपको योजना का लाभ जल्द से जल्द दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का यह संकल्प है कि लोगों की समस्याओं को दूर करते हुए उनके चेहरे पर खुशहाली लाना और कमोबेस इसी संकल्प के साथ सरकार पंचायत स्तर पर पहुंचकर आपकी समस्याओं को जानने का प्रयास कर रही है तथा उसे दूर भी कर रही है।आप सभी को सरकार की योजना का लाभ लेने के लिए भटकने की जरूरत नहीं है। पहली बार ऐसा हो रहा है कि 1 घंटे पहले योजना का लाभ लेने हेतु आप आवेदन कर रहे हैं तथा 1 घंटे के बाद ही आपको उक्त योजना से आच्छादित किया जा रहा है।इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के परिसंपत्तियों का भी वितरण लाभुकों के बीच किया।

# संक्षिप्त समाचार

## डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती को अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाया




**दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ताओं ने डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती को अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाया। संघ के प्रांगण में सभी ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण किया। संघ के अध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने डा. राजेंद्र प्रसाद को देश के प्रति समर्पण, सादगी को याद करते हुए महान विभूति बताया। सचिव राकेश कुमार ने स्वतंत्रता आंदोलन में राजेन्द्र बाबू की भूमिका के साथ उनके सरल व्यक्तित्व की भी चर्चा की। पूर्व अध्यक्ष गोपेश्वर प्रसाद झा ने कुशल राजनेता, विद्वान बताते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया। जनार्दन यादव ,जमीलअख्तर, आरके बागची, किरण तिवारी, सुदेश सिंह व धीरेंद्र मरिक ने उनके विचारों को रखा। विद्यापति झा ने राजेन्द्र बाबू को सरल, सहज आदर्श व्यक्तित्व का स्वामी बताते हुए अधिवक्ता दिवस की सार्थकता पर प्रकाश डाला। मौके पर रविकांत झा,जीवन राय, सोमनाथ दे, विभीषण राऊत,विजय साह, बंशीधर पंडित, रेनू कुमारी, वीणा सिंह, महादेव महतो, नीलकंठ झा, पंकज कुमार यादव सहित कई अधिवक्ता मौजूद थे।

## भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका

- विलक्षण प्रतिभा के स्वामी थे बाबू राजेंद्र प्रसाद



**दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** देश रतन डाक्टर राजेंद्र प्रसाद की 137 वीं जयंती शुक्रवार को बांधपाड़ा स्थित स्मारक स्थल पर अरविद वर्मा की अध्यक्षता में श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। शहर के नागरिक, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। अरविद वर्मा ने कहा कि डा. राजेंद्र विलक्षण प्रतिभा के धनी थे और विद्वता और योग्यता के बल पर राष्ट्रपति का मान बढ़ाया। संविधान सभा के अध्यक्ष की हैसियत से भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कई किताबें लिखीं। वे एक महान शिक्षाविद और विश्व प्रसिद्धि के व्यक्ति थे डा. राजेंद्र प्रसाद के उच्च सिद्धांत और आदर्श हमेशा सही रास्ता दिखाने के लिए जीवित रहेंगे। अधिवक्ता जनार्दन प्रसाद ने कहा कि डा. राजेंद्र प्रसाद सादगी के प्रतीक थे। माकपा नेता एहतेशाम अहमद ने कहा कि आजादी की लड़ाई में लोगों को एक सूत्र में बांधने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है संथाल परगना क्षेत्र में लगातार भ्रमण से आदिवासी समाज में भी सुंदरता लड़ाई लड़ने की प्रेरणा मिली। जयंती मनाने वालों में मनोज घोष, धर्मेंद्र नारायण, शिव कुमार गुप्ता, रामप्रीत रजक, सुरेश दास, रूबी सिन्हा, मोनी सिन्हा, सरिता सिन्हा, सतीश वर्मा व संतोष वर्मा आदि मौजूद थे।

## आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार फतेहपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में पलाश मार्ट का किया उद्घाटन

**जामताड़ा/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** जामताड़ा जिला अंतर्गत फतेहपुर प्रखंड कार्यालय में आज दिनांक 03.12.2021 को जेएसएलपीएस संचालित पलाश मार्ट का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी फतेहपुर श्री मुकेश कुमार बाउरी, स्थानीय जन प्रतिनिधि, डीपीएम जेएसएलपीएस श्री सुदीप्तो बनर्जी एवं अन्य के द्वारा किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी फतेहपुर श्री मुकेश कुमार बाउरी ने कहा कि पलाश मार्ट के मध्यम से सखी मंडल की दीदियां सहज रूप से अपने उत्पादों की बिक्री कर सकती हैं। पलाश मार्ट का संचालन सखी मंडल की दीदियों के द्वारा किया जायेगा। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि महिलाओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रखंड में पलाश मार्ट की शुरुआत की जा रही है। उन्होंने बताया कि सखी मंडल की महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने का यह सक्रिय प्रयास है। उनके द्वारा बनाए जा रहे सभी उत्पादों की पलाश ब्रांडिंग की जाएगी। पलाश मार्ट में पैकेज्ड उत्पादए सब्जीए फल सहित दैनिक प्रयोग के लिए सभी प्रकार के उत्पाद उपलब्ध होंगे। मौके पर उन्होंने महिलाओं को पलाश मार्ट के जरिए आत्मनिर्भर बनने के लिए उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर संबंधित सखी मंडल की दीदियों सहित अन्य उपस्थित थे।

**एम्स में स्टार्ट हुई टेलीमेडिसिन सेवा**

## फोन के माध्यम से चिकित्सकों से मरीज ले सकेंगे सलाह

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।



**देवघर।** स्थानीय अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में संस्थान के कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर सौरव वार्ष्णेय द्वारा टेली मेडिसिन सेवाओं का उद्घाटन किया गया।इस अवसर पर संस्थान के आयुष भवन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में निदेशक ने संबोधित करते हुए कहा कि टेलीमेडिसिन सेवाओं से आमजन को काफी सुविधा मिलेगी।

बहुत से ऐसे में मरीज होते हैं जिन्हें ईलाज के लिए ओपीडी में आने की जरूरत नहीं होती एवं टेलीमेडिसिन में रोगी,संस्थान द्वारा दिए गए नंबरों पर चिकित्सकों से संपर्क कर अपने रोग के विषय में जानकारी देते हुए परामर्श ले सकते हैं। इस सुविधा के आरंभ होने से जहां एक तरफ मरीजों को आसानी होगी वही ओपीडी में भीड़ भी कम होगा और गुणवत्तापूर्ण इलाज़ प्राप्त कर सकेंगे।

इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक ने टेलीमेडिसिन के माध्यम से एक रोगी की ईलाज किया और दवा की पर्ची भी भेजी।बताते चलें कि एम्स देवघर भारत सरकार के ई संजीवनी पोर्टल व कोविड हेल्प लाइन के माध्यम से पहले से ही टेलीमेडिसिन सेवा प्राप्त करता रहा है।परन्तु इस समय संस्थान ने अपनी स्वायत टेलीमेडिसिन सुबिधा आरम्भ की है।टेलीमेडिसिन सेवाओं के लिए एम्स देवघर ने दो नए नंम्बर जारी किए हैं।8809391413 तथा 997330 9349। इस सुविधा के माध्यम से संस्थान के विभिन्न चिकित्सक विभागों के विशेषज्ञ अपनी कुशल सलाह प्रदान करेंगे।वही इस दौरान चिकित्सकों की एक लिस्ट भी जारी की गई है जिसमें सोमवार को शल्य चिकित्सक और मनोचिकित्सक,मंगलवार को नेत्र रोग,स्त्री एवं प्रसूति रोग,बुधवार को कान,नाक,गला रोग,काय चिकित्सा,गुरुवार अस्थि रोग और बाल रोग तथा शुक्रवार को शल्य चिकित्सा और काय चिकित्सा के चिकित्सक लोगों परामर्श देंगे।

## जयंती पर पूर्व एवं प्रथम राष्ट्रपति स्वर्गीय डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद को श्रद्धांजलि

- राष्ट्र के सजग प्रहरी थे स्वर्गीय डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद

**देवघर/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार ने जलसार रोड स्थित अपने आवास पर देश के पूर्व एवं प्रथम राष्ट्रपति स्वर्गीय डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उक्त अवसर पर श्री कुमार ने कहा कि नैतिकता एवं सादगी के प्रतीक राजेंद्र बाबू महान चिंतक थे तथा मूल्यों की राजनीति करते थे। राष्ट्र का एक सजग प्रहरी होने के नाते उन्होंने अपने कार्यकाल में भारतीय संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा जिस निष्ठा से की उसकी मिसाल आज भी कायम है। पद चाहे केंद्रीय मंत्री का रहा हो या राष्ट्रपति का अपने कार्यकलापों से उन्होंने पद की गरिमा को बढ़ाया ही। उनके सिद्धांतों एवं आदर्शों पर चलना ही उनके प्रति हम सबों की सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## सिविल सर्जन सह जिला भीबीड़ी पदाधिकारी डॉ सी.के. शाही की अध्यक्षता में राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।



**देवघर।** देवघर के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण सह रिओरियंटेशन कार्यशाला का आयोजन सिविल सर्जन सभागार, देवघर में पूर्वाह्न 11 बजे से आयोजित किया गया। जिसमें देवघर जिले के सभी प्रखंडों के एमटीएस, एमपीडब्ल्यू, बीटीटी, एस.आई., एस. डब्ल्यू. तथा शहरी क्षेत्र के बीडीटी ने भाग लिया। इसमें डॉ० गणेश कुमारझ जिला भीबीड़ी सलाहकार, देवघर द्वारा सभी को वैक्टर जनित रोगों के उन्मूलन हेतु सार्थक प्रयास करने के साथ रोगों के लक्षणों के आधार पर त्वरित पहचान एवं इलाज हेतु विभिन्न उपायों के साथ लक्ष्य को पूरा करने के बारे में बताया गया। साथ ही मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, जिका वायरस, जापनीज एन्सेफेलाइटिस एवं कालाजार रोगों की पहचान एवं उनसे बचाव के उपाय, जांच तथा उसके लिए उपयुक्त दवा की खुराक आदि के बारे में विस्तार से बताया गया, साथ ही यह भी बताया गया कि इन सभी बीमारियों के लिए उत्तरदायी वैक्टर्स के निवास करने की पहचान, रेस्टिंग हेविडेट, फीडिंग हैबिटेट तथा इसके द्वारा बीमारी फैलाने की अवधि के साथ मौसम के अनुसार इनके डेंसिटी, बीमारी फैलाने की प्रभाव क्षमता तथा इन सभी मच्छरों एवं बालू मक्खी फ्लाईंग रेंज या उड़ने की दूरियां आदि के बारे में विस्तार से बताया गया एवं अलग-अलग स्पीशीज या जाति के मच्छरों द्वारा फैलाई जाने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी देने के साथ इसका ट्रैकिंग करते हुए अपने लक्ष्य की प्राप्ति से संदर्भित उपायों को बताया गया। साथ ही कहा गया कि यह प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत सभी अपने-अपने प्रखंडों अथवा क्षेत्रों के एएनएम, सहिया या अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ता के अलावा विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए उन्हें इससे संबंधित प्रशिक्षण देना है और देवघर जिले से वेक्टर जनित रोगों के उन्मूलन हेतु किए जा रहे सार्थक प्रयास में सभी की सहभागिता एवं उनकी भूमिका की अहमियत को बताना है। बताया गया कि माह दिसंबर 2021 में टोला-टोला जाकर बुखार रोगियों का सर्वे करते हुए उनका जांच तथा त्वरित इलाज करना है। अगले माह जनवरी 2022 में सभी विद्यालयों में जाकर विद्यालय जागरूकता कार्यक्रम के तहत बच्चों तथा शिक्षकों को वैक्टर जनित रोगों की पहचान, रोकथाम एवं इसके इलाज से संबंधित बातों को बताना है और इसे रोकने हेतु क्या-क्या उपाय किए जाने चाहिए इन सभी चीजों को बताया गया। इसके बाद माह जनवरी 2022 में फाइलेरिया रोधी कार्यक्रम के लिए चलने वाले माह ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम 2022, जो संभवतः 10 फरवरी 2022 से होगी, उसके मद्देनजर कार्ययोजना आदि तैयार करना है। इसके बारे में भी विस्तार से बताया गया। साथ ही इन्होंने बताया गया कि जितने भी सूचीबद्ध फाइलेरिया के रोगी हैं उन सभी लिंफोडिमा के रोगियों का मॉर्बिडिटी मैनेजमेंट के लिए उपलब्ध कराए गए किट एवं दवा सभी रोगी को देना है तथा हाइड्रोसील के रोगियों का ऑपरेशन सुनिश्चित कराना है।

सिविल सर्जन सह जिला भीबीडी पदाधिकारी - डॉक्टर सीके शाही द्वारा सभी पर्यवेक्षकों एवं कार्यकर्ताओं को बताया गया कि वैक्टर जनित रोगों से संबंधित निगरानी एवं सर्विलेंस आपको कोविड-19 के लिए किए जा रहे कार्यों के साथ-साथ प्रोटोकोल का पालन करते हुए संपादित करना है। इसके लिए संबंधित गांव की सहिया एवं एएनएम को प्रशिक्षित करते हुए कार्य कराना है और कोई भी रोगी यदि अस्पताल में इससे संबंधित इलाज के लिए आते हैं तो इनका त्वरित इलाज करने के साथ ही उनके गांव में मास सर्वे के साथ एंटी मलेरिया फाइलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, जेई आदि रोधी कार्य अविलंब संपादित किए जाने हैं। ताकि किसी भी रोगी इलाज से वंचित नहीं रहे और जनहित में यह कार्य करते रहना है। इन सभी का प्रतिवेदन ससमय जिला मुख्यालय को उपलब्ध कराना है। लोगों को इससे बचने के उपाय के बारे में लगातार जागरूक करते रहना है उनके व्यवहार में परिवर्तन लाने तक इसके बारे में लोगों को संध्याकालीन चौपाल, ग्राम गोष्टी आदि या इंटर सेक्टोरियल कम्युनिकेशन के तहत जानकारी देते रहना है।

उपरोक्त के अतिरिक्त डीपीएम श्री नीरज भगत, डैम श्री बृजेश झा, एफएलए श्री रवि सिन्हा एवं डीईओ श्री कांग्रेस मंडल आदि उपस्थित थे।

## पिस्टल और मैगजीन के साथ दो युवकों को किया गया गिरफ्तार

- एसडीपीओ ने प्रेस कांफ्रेंस कर दी जानकारी

**देवघर/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** रिखिया थाना प्रभारी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर हथियार और गोली के साथ दो युवक को गिरफ्तार किया गया है।वहीं प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से एसडीपीओ पवन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 2 दिसम्बर को रिखिया थाना प्रभारी को एक गुप्त सूचना प्राप्त हुआ था कि शहर में कुछ लड़के आर्म्स लेकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने वाले हैं।



और इस सिलसिले में हुए इधर-उधर घूम रहे हैं इसी क्रम में झा पेट्रोल पंप के निकट पुलिस के द्वारा जांच पड़ताल की गई तब अभिषेक नामक व्यक्ति के पास से दो 8 एमएम का जिंदा कारतूस बरामद किया गया जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही इसी जांच के क्रम में एक व्यक्ति को बाइक के साथ उनके पास से एक पिस्टल और एक मैगजीन के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवक विक्रम कुमार झा का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है।वहीं पुलिस दोनों को न्यायालय में सुपुर्द कर दिया है।

## एम्स ओपीडी परिसर में विश्व विकलांगता दिवस पर किया गया जागरूकता कार्यक्रम



**देवघर/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** एम्स ओपीडी परिसर में विश्व विकलांगता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम एवं पीएम.आर.ओ.पी.डी का उद्धघाटन किया गया।वहीं मौके पर डॉ दीपक कुमार सहायक प्राध्यापक के रूप में पदभार सम्हाला एवं सेवा की सुरुवात की।दिव्यांग जनों के परेशानियों को समझने के लिए एवं उनके उपायों को लेकर ब्याख्यान दिया गया।कार्यकारी निदेशक डॉ सौरभ वार्ष्णेय नें पीएमआर विभाग में दिव्यांगजन के इलाज़ की महत्व को समझाया।

बच्चों एवं वुजूर्गों में होने वाली विकलांगता के बारे में डॉ सरोज एवं डॉ विकास ने विस्तृत जानकारी दी।वहीं डॉ दीपक ने पीएमआर विभाग के सहप्राध्यापक ने दिव्यांग जनों के अधिकार एवं सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के विषय में जानकारी दिया।मौके पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ एस आर पात्रा ने बताया अब जोड़ों के दर्द,लकवा पक्षघात,गर्दन दर्द,कमर दर्द,मेरुदंड में चोट से पैर एवं हाँथ में अक्षमता का ईलाज पीएमआर विभाग से किया जाएगा।

डीन डॉ प्रतिमा ने बताया की दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ना आवशयक है। मौके पर इस दौरान संबंधित विभाग के कर्मी मौजूद थे वही विकलांगता पर जागरूकता एवं सर्वेक्षण एम्स के स्वास्थ्य कर्मियों के बीच किया गया।

## निगम के नेता संजय मंडल नें प्रभारी और सफाई कर्मियों के विवाद को सुलझाया

**देवघर/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** जसीडीह निगम कार्यालय में शुक्रवार की सुबह निगम के नेता संजय मंडल ने बैठक कर सफाई कर्मी और सफाई प्रभारी के बीच के विवाद को सुलझाया। झारखंड लोकल बॉडीज इंप्लाइज फेडरेशन देवघर नगर निगम के अध्यक्ष संजय मंडल के नेतृत्व में जसीडीह निगम कार्यालय परिसर में सफाई कर्मियों के साथ बैठक किया गया।

इस सम्बंध में श्री मंडल ने बताया कि कुछ दिनों से जसीडीह सफाई प्रभारी और सफाई कर्मियों के बीच काफी मतभेद चल रहा था क्योंकि सफाई प्रभारी कर्मवीर वर्मा द्वारा सफाई कर्मियों पर अनावशयक दबाव बनाया जा रहा था जिससे सफाई कार्य करने में कर्मियों को परेशानी हो रही थी।इसको देखते हुए सुबह सभी को एक जगह बैठाकर इस समस्या का हल निकाला गया।

संजय मंडल ने कहा की सफाई कर्मियों पर अनावशयक रूप से कोई भी दबाव ना बनाएं।चाहे वह नगर निगम के कर्मी हों या जसीडीह के सफाई कर्मी।इनलोगों को बेवजह परेशान करने की शिकायत बराबर मिल रही थी।इस तरह से अगर सफाई कर्मियों के साथ सौतेला व्यवहार किया गया तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।वहीं श्री मंडल ने कहा है धर्मवीर वर्मा भी निगम का अंग है वह भी एक कर्मी है इसलिए मिलकर प्रेम से काम करें।

## तीन सूत्री मांगों को जामताड़ा कॉलेज के प्राचार्य अजय राज खालको को सौंपा।

**झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** जामताड़ा : आज दिनांक 03/12/2021 को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जामताड़ा इकाई के द्वारा कॉलेज अध्यक्ष प्रकाश यादव के नेतृत्व में जामताड़ा महाविद्यालय जामताड़ा के मूलभूत समस्याओं का समाधान हेतु 3 सूत्री मांगों को जामताड़ा कॉलेज के प्राचार्य महोदय श्री अजय राज खालको के समक्ष रखा गया! यह मांग निम्न प्रकार है जामताड़ा महाविद्यालय जामताड़ा में छात्र-छात्राओं के लिए पीने के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने के संबंध में, जामताड़ा महाविद्यालय में साइकिल स्टैंड व्यवस्था करने के संबंध में, अथवा महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं के लिए कॉमन रूम की व्यवस्था करने के संबंध में! कॉलेज अध्यक्ष प्रकाश यादव ने कहा कि अगर एक हफ्ता के अंदर इन 3 सूत्री मांगों को पूरा नहीं किया गया तो बाध्य होकर के महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं अभाविप के कार्यकर्ता एक हफ्ता के बाद महाविद्यालय कैंपस में धरना प्रदर्शन करेगी इसकी सारी जवाबदेही महाविद्यालय प्रशासन की होगी! मौके पर जिला संयोजक आकाश साहू, कार्यालय मंत्री संजय मंडल नगर सह मंत्री सौरभ झा, कॉलेज अध्यक्ष प्रकाश यादव, विक्की पाल, चाहत फरीन, निधि कुमारी, अनुराधा कुमारी निधि कुमारी बेबी हेमरम, सुषमा कुमारी, आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित थे!

**धनबादः जज उत्तम आनंद हत्याकांड**

## सीबीआई दोनों आरोपियों से कराएगी नार्को व ब्रेन मैपिंग टेस्ट

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**धनबाद।** सीबीआई ने कोर्ट को समर्पित आवेदन में कहा है कि पूछताछ के दौरान जज हत्याकांड में गहरी साजिश और मास्टरमाइंड के विषय में कई अहम सुराग मिले हैं, जिसका सत्यापन जरूरी है। सुराग मिलने के बाद जेल में बंद दोनों आरोपियों से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपी लगातार बयान बदल रहे हैं, इसलिए दोनों का दोबारा नार्को और ब्रेन मैपिंग सहित अन्य टेस्ट कराने की आवश्यकता है, ताकि साजिश और मास्टरमाइंड का पता लगाया जा सके। सीबीआई ने अदालत को बताया कि नार्को के लिए दोनों आरोपियों ने अपनी सहमति भी स्वेच्छा से दे दी है।



इसलिए धनबाद के जज उत्तम आनंद हत्याकांड को लेकर सीबीआई जेल में बंद दोनों आरोपियों की एक बार फिर से नार्को, ब्रेन मैपिंग समेत 4 टेस्ट कराएगी। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत में इसकी मंजूरी दे दी है। सीबीआई ने इसके लिए अदालत में दरख्वास्त डालकर दोनों का दोबारा टेस्ट कराने के लिए गुजरात के गांधी नगर ले जाने की इजाजत मांगी थी। अदालत ने इसके लिए 6 दिसंबर से 29 दिसंबर तक 23 दिनों के लिए ट्रांजिट रिमांड पर ले जाने की मंजूरी दी है।

## भाजपा नगर इकाई के द्वारा लगातार बूथों पर किया जा रहा है समीक्षात्मक बैठक

- नगर अध्यक्ष चंद्रशेखर खवाड़े निभा रहे हैं महती भूमिका

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।



**देवघर।** भारतीय जनता पार्टी देवघर नगर इकाई द्वारा लगातार चलाए जा रही समीक्षात्मक बैठक के दौरान शुक्रवार को वार्ड संख्या 14 के अटल नगर में, वार्ड संख्या 20 के पुंसिया में तथा वार्ड संख्या 16 के बीएड कॉलेज के बगल में बुथ के सभी प्रमुख कार्यकर्ताओं, प्रभारियों, अध्यक्षों के साथ बैठक की गई।

इस बैठक में मुख्य रूप से देवघर नगर के कर्मठ अध्यक्ष चंद्रशेखर खवाड़े तथा जिला के उपाध्यक्ष सह नगर प्रभारी राकेश नरोने जी सम्मिलित रहे। नगर के सभी बैठकों में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति से यह प्रमाणित हो रहा है की लोगों में भारतीय जनता पार्टी के प्रति काफी उत्साह तथा विश्वास बढा है।सम्मानित नगर के अध्यक्ष और प्रभारी महोदय ने जिस प्रकार से केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के विषय में सभी कार्यकर्ताओं के बीच विस्तार से चर्चा की। इसका प्रभाव आने वाले चुनाव में अवश्य रूप से पड़ेगा।वही नगर अध्यक्ष चंद्रशेखर ने कहा की भारतीय जनता पार्टी हमेशा अंत्योदय के संदेश को लेकर संगठन और सरकार में कार्य करती है । पार्टी अपने बूथ स्तर के सभी कार्यकर्ताओं को मजबूत करने के लिए तथा प्रशिक्षित करने के में लगे हुए है तथा इस प्रकार के बैठकों का आयोजन कर रही है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर उपाध्यक्ष सागर झा, महामंत्री मनोज भार्गव, मीडिया प्रभारी कुणाल तिवारी, नगर के मंत्री रमेश राय, मीना झा, संध्या कुमारी सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

फैशन



# हेयर स्टाइल ने महिलाओं को बनाया है दीवाना

आज के समय में फैशनेबल कौन नहीं दिखना चाहता। सभी को सजने-धजने का बहुत शौक होता है। खासतौर पर महिलाओं में ये प्रवृत्ति अधिक देखी गई है। महिलाओं में सजने को लेकर काफी उत्सुकता देखी गई है। लेकिन बालों को सजाने के लिए वह काफी परेशान रहती है। कम समय में बनाए ये स्टाइलिश हेयरस्टाइल सुबह ऑफिस जाने की इतनी जल्दी होती है कि आपके पास अच्छा सा Hair style बनाने का समय नहीं होता। अगर आप ड्रेस के अनुसार Hair style न बनाए तो आपका लुक अधूरा रह जाता हैं। क्या आपको भी सुबह यहीं प्रॉब्लम फेस करनी पड़ती है? अगर ऐसा है तो आप फ्रिक न करे। हम आज आपके लिए कुछ ऐसे हेयर स्टाइल्स लेकर आए है जो आप कम समय में भी बड़ी आसानी से बना सकती हैं। तो आइए जानें इन Hair style के बारे में।



## 1. फिश टेल

यह हेयर स्टाइल देखने में काफी मुश्किल लगता है लेकिन बनाने में बेहद आसान हैं। फिश टेल के लिए बालों को दो हिस्सों में बांटकर जेल लगा लें। अब एक-एक करके दोनों तरफ से बाल लेते हुए आप चोटी बना लें। इस हेयर स्टाइल को आप वेसटर्न और ट्रेडिशनल दोनों तरह की ड्रेस के साथ कैरी कर सकती हैं।



## 2. पोनीटेल

पोनीटेल कई तरीकों से बनाई जा सकती हैं। इसके लिए पहले आगे के बालों का मैसी पफ बना लें। बाकी के बालों की हाई पोनीटेल बना लें और उसको पतली रबड़ से बांध लें फिर पोनीटेल में से पतली लेयर लेकर आप रबड़ के चारों और लपेट कर पिन लगाएं। पिन इस तरह से लगाए जोकि दिखाई न दें।



## 3. स्टाइलिश ब्रैड

यह हेयर स्टाइल बनाने में बहुत ही आसान है। आप अपने सारे बाल एक ओर ले और ब्रेड बनाए। ब्रेड बनाने के बाद अपने थोड़े से आगे के बाल बाहर निकाल लें। इन बालों को आप कर्ल या स्ट्रेट कर लें।

## 4. कर्ली साइड पोनीटेल

आजकल कर्ली साइड पोनीटेल हेयरस्टाइल बहुत ही फेमस हैं। इसके लिए अपने नीचे के बाल मशीन की मदद से कर्ली कर लें और बालों पर जेल लगा लें। इस हेयरस्टाइल को आप जींस के साथ भी कैरी कर सकते है।

# दिन भर थका रहता है शरीर, तो हो सकती हैं ये वजहें

सारा दिन काम में लगे रहना,आराम करने के बाद भी थकावट महसूस होना और थका-थका महसूस करना आपकी जिंदगी में शामिल है तो आप खुद से परेशान रहते हैं। कई बार तो रात के समय नींद पूरी लेने के बावजूद भी सारा दिनभर आलस बना रहता है। इसका संबंध 8 घंटे की नींद पूरी करने से नहीं बल्कि शरीर में कम ऊर्जा के कारण शरीर का असंतुलन हो सकता है। आइए जानें ऐसी ही कुछ वजह जो आपकी थकावट का कारण हो सकती हैं।



## नाश्ता न करना

कुछ लोग ऑफिस जाने की जल्दी होने के कारण नाश्ता अवॉइड करते हैं। जिससे शरीर में ऊर्जा की कमी हो जाती है और सारा दिन थकावट महसूस होती रहती है। नाश्ते में काबरेहाइड्रेट और प्रोटीन युक्त आहार को शामिल करें। इससे ऊर्जा बनी रहेगी और शरीर भी चुस्त हो जाएगा।




## आयरन

आयरन शरीर के विकास के लिए बहुत जरूरी है। इसकी कमी होने पर एनीमिया रोग होने का खतरा रहता है। जिससे थकान महसूस होने लगती है, कोई काम करने की एनर्जी नही रहती है। अपने खाने में अंडा, हरी सब्जियां और विटामिन सी से भरपूर आहार का सेवन करें।

## पानी की कमी

थकावट का एक कारण डीहाइड्रेशन भी हो सकता है,जिससे थकान महसूस होने लगती है। शरीर में पानी की कमी होने से ऑक्सीजन की कमी भी हो सकती है। दिन भर भरपूर मात्र में पानी पीएं। ऑफिस में ब्रेक के दौरान चाय या कॉफी की जगह पर पानी का सेवन करें।





## कम या ज्यादा एक्सरसाइज करना

कुछ लोग रोजाना अपनी जरूरत से ज्यादा एक्सरसाइज करते हैं, जिससे शरीर की ऊर्जा कम होने लगती है। इससे थकान भी होनी शुरू हो जाती है। वहीं, कुछ लोग बिल्कुल भी एक्सरसाइज नहीं करते,जिससे आलसी पन आने लगता है।

टिप्स




# रखें इन बातों का ध्यान, मिलेगी आसानी से नौकरी



कई बार ऐसा होता है कि हम किसी जॉब के लिए पूरी तरह एलिजिबल होते है लेकिन फिर भी हमें जॉब नहीं मिलती और जॉब ना मिलने का कारण भी नहीं पता होता दरअसल एचआर मैनेजर किसी कैंडिडेट की हायरिंग कुछ क्वॉलिटी की बुनियाद पर करते हैं।अगर आप में वे क्वॉलिटी पाई जाती हैं तो आपके चयन की पूरी उम्मीद होती है। इसलिए हम आज आपको बता रहे ऐसी ही 6 क्वॉलिटी के बारे में बताने जा रहे हैं जो किसी जॉब के लिए जरुरी होती है।

## धैर्य व संयम

सबसे पहली क्वॉलिटी जो एचआर मैनेजर आपके अंदर देखना चाहते हैं, वह अप्रसन्न स्थिति में धैर्य या संयम की आपकी क्षमता है। किसी कैंडिडेट की हायरिंग पर कंपनी का काफी खर्च होता है। कंपनी ऐसे व्यक्ति को तरजीह देती है जो नाखुशगवार स्थिति में भी डटा रहे और संयम से अपना काम करता रहे।

## पॉजिटिव ऐटिट्यूड

पॉजिटिव व्यवहार इंसान को जीत के करीब ले जाता है। ऐसा व्यक्ति असफल होने और प्रतियोगिता की स्थिति में भी हार नहीं मानता है। उसके पॉजिटिव व्यवहार से उसका कॉन्फिडेंस मजबूत होता है, जिससे वह किसी तरह की भी स्थिति पर काबू कर लेता है।

## टीम प्लेयर

कंपनी में अलग-अलग तरह के एंप्लॉयी होते हैं। कुछ प्रतियोगिता से घबराते हैं तो कुछ अति उत्साही होते हैं। ऐसे में कंपनी को ऐसे टीम प्लेयर को जरूरत होती है जो सबके बीच सही संतुलन बना सके।

## महत्वाकांक्षी

कोई कंपनी ऐसे एंप्लॉयी को नहीं चाहती है कि जो उस पर बोझ बन जाए। इसलिए महत्वाकांक्षी व्यक्ति जो कुछ करने का जज्बा रखता है, वह कंपनी के लिए बेस्ट साबित होता है।

## मल्टी टास्किंग

सभी सेक्टर्स में प्रतियोगिता के बढ़ते माहौल में कंपनी ऐसे एंप्लॉयीज को तरजीह देती हैं जो मल्टि टास्किंग हों। यह न सिर्फ कंपनी के लिए प्लस पॉइंट है बल्कि इससे आपकी जॉब प्रोफाइल भी मजबूत होती है। कई बार कंपनी को कॉस्ट कटिंग करने की जरूरत पड़ती है, उस समय मल्टि टास्किंग एंप्लॉयी की अहमियत बढ़ जाती है।

## भरोसेमंद

एक भरोसेमंद एंप्लॉयी से कंपनी को लॉन्ग टर्म फायदे होते हैं और वह लम्बे समय तक कंपनी से जुड़ा रहता है।



# आपकी किस्मत बदल सकती है घोड़े की नाल

*वास्तु के अनुसार घर में घोड़े की नाल टांगना शुभ होता है। यदि घर का मुख्य द्वार उत्तर, उत्तर-पश्चिम या पश्चिम में हो तो उसके ऊपर बाहर की तरफ घोड़े की नाल जरूर लगा देना चाहिए। इसलिए ऐसी मान्यता है कि काले घोड़े की नाल घर के मुख्य द्वार पर लगाने से सुरक्षा एवं सकारात्मक ऊर्जा मिलती है।*

## कैसे करें पहचान

घोड़े की नाल का आकार (यू शेप) आइडियल शेप होता है। घोड़े की नाल असली होनी चाहिए, जिसका इस्तेमाल घोड़े द्वारा किया गया हो। बाजार में बिना इस्तेमाल किए हुए नाल भी बिकते हैं, अतः नाल खरीदते समय यह जान लें कि घोड़े ने इसे इस्तेमाल किया है या नहीं?

## घोड़े की नाल से जुड़े तथ्य

-ज्योतिष के अनुसार, काले घोड़े के पैरों पर शनि का विशेष प्रभाव माना गया है। घर के मुख्यद्वार पर इसे लगाने से घर पर किसी की बुरी नजर नहीं लगती और बरकत बनी रहती है।

-घोड़े के पैरों में लगने वाली नाल लोहे की बनी होती है। लोहा शनि की धातु है और काला रंग शनि का प्रिय रंग है।



-घोड़े की नाल किसी भी व्यक्ति की किस्मत चमकाने में सक्षम है।

- नकारात्मक ऊर्जा को दूर करती है घोड़े की नाल। यदि इसे काले कप? में लपेटकर अनाज में रख दिया जाए तो कभी अनाज की कमी का सामना नहीं करना पड़ता।

-काले घोड़े की नाल को किसी काले कपड़े में बांधकर तिजोरी में रख देने दुकान के बाहर टांगने से धन में केवल वृद्धि होती है।

-यदि किसी को सौभाग्यवश दौड़ते हुए घोड़े के पैर के छिटक कर निकल पड़ी नाल मिल जाए और वह उसका सही उपयोग करे, तो उसे भाग्यशाली माना जाता है। शनि देव मेहनत करने वाले से खुश रहते है इसी कारण जो घोड़ा काफी दौड़ता है तो उसके पाँव में लगी नाल भी घिसती है अब काला घोडा और उसकी घिसी हुई नाल प्राकृतिक सकारात्मकता प्रदान करती है।

## कैसे लगाएं?

घोड़े की नाल को आप दो तरह से लगा सकती हैं-

1) पहला यू पैटर्न में लगाया जा सकता है।

2) दूसरा रिवर्स यू पैटर्न में लगाया जा सकता है।

## यू पैटर्न में लगाने से लाभ

जब घोड़े की नाल की दोनों सिराएं ऊपर की ओर होती हैं, तब उसे यू पैटर्न कहते हैं। इस तरह से घोड़े की नाल को लगाने से सौभाग्य की प्राप्ति होती है। घर एवं दुकानों में लगाने के लिए घोड़े की नाल का यू पैटर्न अत्यधिक प्रभावशाली माना जाता है।

## रिवर्स यू पैटर्न में लगाने से लाभ

यू पैटर्न को उल्टा करने पर घोड़े की नाल की दोनों सिराएं नीचे की ओर हो जाती हैं। इसे रिवर्स यू पैटर्न कहते हैं। घोड़े की नाल को इस तरह से लगाने से घर में नकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश नहीं होता है। बंगले के लिए घोड़े की नाल का रिवर्स यू पैटर्न



अधिक उपयुक्त है। इससे नकारात्मक ऊर्जा उल्टे पैर लौट जाती है।


## ध्यान रखें

-यदि आपके मकान का मुख्य द्वार पूर्व या दक्षिण-पूर्व दिशा में है, तो इस दिशा में इसे न लगाएं, क्योंकि घोड़े की नाल मेटल की होती है और इस दिशा में मेटल की वस्तु लगाना अशुभ होता है।

- घोड़े की वही नाल असरदार होती है जो काफी घिस चुकी हो यानि काफी चल चुकी हो। आजकल लोग काले घोड़े के पांव में नाल लगाते है और दो दिन या दो घंटे में उस नाल को सेल कर देते है इस तरह की नाल का कोई फायदा नही होता।

- यदि रिवर्स यू में घोड़े की नाल मेन डोर पर लगी हो, तो ऊपर की दीवार पर आईना भी अवश्य लगाएं।

रेसिपी



## चिकन मैकरॉनी सलाद

### सामग्री

मेयोनीज -130 ग्राम शहद - 1 बड़ा चम्मच दूध - 50 मिलीलीटर सरसों की पेस्ट - 1 छोटा चम्मच नमक -1/2 छोटा चम्मच काली मिर्च - 1/2 छोटा चम्मच उबली हुई मैकरॉनी -320 ग्राम उबला हुआ चिकन - 160 ग्राम शिमला मिर्च-80 ग्राम गाजर -40 ग्राम ऑलिव -40 ग्राम।

### विधि

एक बॉउल में 130 ग्राम मेयोनीज, 1 बड़ा चम्मच शहद, 50 मिलीलीटर दूध, 1 छोटा चम्मच सरसों की पेस्ट डालकर अच्छी तरह से मिलाएं। इसके बाद इसमें 1/2 छोटा चम्मच नमक, 1/2 छोटा चम्मच काली मिर्च, 320 ग्राम उबली हुई मैकरॉनी, 160 ग्राम उबला हुआ चिकन, 80 ग्राम शिमला मिर्च, 40 ग्राम गाजर और 40 ग्राम ऑलिव डालकर अच्छी तरह से मिक्स करें। आपका चिकन मैकरॉनी सलाद तैयार है। इसे सर्व करें।



## श्रीखंड रोस्ट आल्मंड

### सामग्री

दही- 400 ग्राम
मेपल सिरप- 275 मि.लीटर
बादाम- 1 टेबलस्पून (पीसा हुआ)
बादाम- 1 (कटा हुआ)
अंजीर- 1
चेरी- 4

### विधि

एक पैन में मेपल सिरप को अच्छी तरह पका कर उसे गाढ़ा कर लें। गाढ़ा होने के बाद इसमें दही डाल कर पकाएं। अब इसमें पीसे और कटे हुए बादाम डाल दें और अच्छी तरह पका लें। पकाने के बाद इसे फ्रिज में सेट करने के लिए 4 घंटे तक रखें। आपके मेपल श्रीखंड रोस्ट आल्मंडस बन कर तैयार है अब आप इसे अब अंजीर और चेरी से गार्निश करके सर्व करें।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार द्वारा मजिस्ट्रेट कॉलोनी बंदरजोरी, दुमका से संचालित, संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार (फोन नं. 9955599136) RNI Title code-JHAHIN01027